वर्ष 24, अंक 157, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 16 दिसंबर 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआई 500,
## घनी धुंध की चादर से दृश्यता 100 मीटर तक सिमटी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में कुछ दिनों की राहत के बाद सोमवार को वायु प्रदूषण एक बार फिर बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। दोपहर 12 बजे दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक 500 या उससे अधिक दर्ज किया गया, जिससे राजधानी एक बार फिर गंभीर प्रदूषण की चपेट में आ गई।

ठंड बढ़ने और हवा की रफ्तार कमजोर पड़ने के कारण प्रदूषण के सूक्ष्म कण वातावरण में लंबे समय तक बने हुए हैं। सुबह और रात के समय घनी धुंध की चादर छाई हुई है। तड़के सुबह 2:30 बजे विजिबिलिटी करीब 100 मीटर दर्ज की गई थी, लेकिन सुबह 6:30 बजे तक यह घटकर 50 मीटर रह गई। सड़कों पर चल रहे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई और कई जगह यातायात भी प्रभावित हुआ। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार हवा की गति बेहद कमजोर रहने के कारण प्रदूषित हवा का फैलाव नहीं हो सका। सुबह के समय दक्षिण पश्चिम दिशा से 4 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जो प्रदूषण को कम करने में नाकाम रहीं।

केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड( सीपीसीबी) के मुताबिक राजधानी के लगभग सभी हिस्सों में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। आनंद विहार में औसत एक्यूआई 490 दर्ज किया गया, जहां पीएम 2.5 और पीएम 10 दोनों का अधिकतम स्तर 500 तक पहुंच गया। अशोक विहार में औसत एक्यूआई 491 रहा। बवाना में 441, बुराड़ी में 452 और चांदनी चौक में 434 दर्ज किया गया। दिलशाद गार्डन में औसत एक्यूआई 453, आईटीओ में 454 और जहांगीरपुरी में 494 रिकॉर्ड किया गया। मुंडका में 457, नरेला में 455 और रोहिणी में औसत एक्यूआई 500 दर्ज किया गया। सोनिया



विहार में 463 और वजीरपुर में 495 का स्तर रिकॉर्ड किया गया। लगभग सभी इलाकों में पीएम 2.5 और पीएम 10 की मात्रा खतरनाक सीमा से ऊपर बनी हुई है।

दिल्ली से सटे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब बनी हुई है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक्यूआई 477, संजय नगर में 426 और वसुंधरा में 490 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। नोएडा के सेक्टर 125 में एक्यूआई 461, सेक्टर 62 में 420 और सेक्टर 116 में 484 रिकॉर्ड किया गया। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क 5 इलाके में एक्यूआई 452 रहा। इससे साफ है कि पूरा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र प्रदूषण की चपेट में है और हालात दिन प्रतिदिन गंभीर होते जा रहे हैं।

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक 15 दिसंबर को दिल्ली में आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा, लेकिन सुबह के समय अधिकतर इलाकों में हल्का और कुछ स्थानों पर मध्यम कोहरा छाया रह सकता है। राजधानी में अधिकतम तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 से 9 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान सामान्य से थोड़ा अधिक जबकि अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री तक ज्यादा रह सकता है। 16 दिसंबर को भी मौसम में खास बदलाव की संभावना नहीं है, हालांकि दोपहर के समय हवा की गति बढ़कर 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है, जिससे प्रदूषण में कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

डिसीजन सपोर्ट सिस्टम फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट इन दिल्ली (डीएसएस) के अनुसार, 15 दिसंबर को राजधानी में प्रदूषण में यातायात की हिस्सेदारी 11.78 फीसदी रही। उद्योगों से 5.96 फीसदी, विनिर्माण से 1.62 फीसदी, सड़क किनारे मिट्टी से 1.62 फीसदी और आबादी से जुड़ी गतिविधियों से 2.9 फीसदी प्रदूषण दर्ज किया गया।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कोहरा बना काल..........अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत

**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर सोमवार को घने कोहरे ने कहर बरपा दिया। फरीदाबाद और नूंह जिलों में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में चार लोगों की मौत। कई वाहन आपस में टकराए और दस से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों में एक सीआईएसएफ का सब इंस्पेक्टर भी शामिल है।

सोमवार सुबह दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर घना कोहरा हादसों का कारण बना। दृश्यता बेहद कम होने से वाहन चालकों को आगे का रास्ता नहीं दिखा और एक के बाद एक टक्कर होती चली गई। फरीदाबाद के कैल गांव के पास दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए। हादसा इतना भीषण था कि कार में सवार तीन लोगों में से दो की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। मृतकों में एक की पहचान संदीप कुमार निवासी जयपुर के रूप में हुई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस स्थान के पास कुछ ही देर बाद दूसरा हादसा भी हुआ। एक कैंटर में पीछे से क्रेटा गाड़ी जा टकराई। गनीमत रही कि क्रेटा चालक बाल-बाल बच गया, लेकिन उसकी गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया।

## प्रियंका गांधी और प्रशांत किशोर की मुलाकात से राजनीतिक गलियारे में हलचल

**पटना।** जन सुराज पार्टी के प्रमुख प्रशांत किशोर द्वारा कांग्रेस की वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की खबर के बाद बिहार के राजनीतिक गलियारे में हलचल मची है। दरअसल सियासी गलियारों में यह मुलाकात प्रशांत किशोर के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलों को फिर से हवा दे रही है। मालूम हो कि बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज पार्टी के असफल प्रदर्शन के बाद चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) की रणनीति पर काफी सवाल उठे। चुनावों के तुरंत बाद पीके ने इस करारी हार



की जिम्मेदारी ली और फिर से कोशिश में जुटने का वादा किया था। इसके बाद से उन्होंने मीडिया से दूरी बना ली। लेकिन एक बार फिर से वे सुर्खियों में आ गए हैं। पीके ने कल कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। दिल्ली में हुई इस बैठक ने सियासी गलियारों में नई चचाओं को जन्म दे दिया है।

### अब अयोध्या में बनेगा अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल

**अयोध्या।** अब अयोध्या में कैंसर मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। नमो फाउंडेशन के नेतृत्व में अयोध्या में एक अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल का बनाया जाएगा। यह अस्पताल करीब 6 से 8 एकड़ भूमि में बनेगा, जहां कम लागत में कैंसर का इलाज किया जाएगा। राम मंदिर ट्रस्ट और नमो फाउंडेशन के बीच इस अहम परियोजना को लेकर बैठक हुई, जिसमें नमो फाउंडेशन की छह सदस्यीय टीम शामिल हुई।

## ऑस्ट्रेलिया में हुए यहूदियों पर हमले को लेकर दिल्ली में हाई अलर्ट, सुरक्षा की कड़ी



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में यहूदियों के फेस्टिवल हनुका में हुए आतंकी हमले के बाद भारत में सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई है। हनुका यहूदी धर्म का पर्व है। इस हमले में करीब 10 इजराइली नागरिकों की मौत हुई है और कई घायल हैं, जिसके मद्देनजर खुफिया एजेंसियों ने दिल्ली, मुंबई समेत इजराइली मूवमेंट वाली जगहों के लिए पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट कर दिया है। चेतावनियों को देखते हुए रविवार शाम को दिल्ली पुलिस ने इजराइली दूतावास और पहाड़गंज स्थित चाबाद हाउस की सुरक्षा की समीक्षा की है।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में स्थित दो इजराइली इमारतों के आसपास एक व्यापक सुरक्षा घेरा बनाया गया है। दोनों इमारतों के आसपास कई सीसीटीवी कैमरे पहले से ही लगे हैं। जरूरत पड़ने पर और ज्यादा कर्मियों को तैनात किया जा सकता है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और सेंट्रल सिक्योरिटी एजेंसियां किसी भी गड़बड़ी को लेकर सतर्क है। पिछले चार साल दिल्ली में इजराइली दूतावास के पास दो बम विस्फोट हुए थे। हालांकि दोनों हमलों में कोई घायल नहीं हुआ। विदेशी टूरिस्ट प्लेस खासकर इजराइली नागरिकों के मूवमेंट वाली जगहों पर अतिरिक्त चौकसी रखने को कहा है। इसकी वजह है कि दूसरे देशों में इस्राइली नागरिकों को निशाना बनाया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक इजराइली दूतावास की सुरक्षा पहले से ही कड़ी रहती है।

## राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार डॉ. वेदांती का रीवा में निधन

**अयोध्या।** राम मंदिर आंदोलन के प्रमुख सूत्रधार और अयोध्या से पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती का निधन हुआ। उन्होंने मध्य प्रदेश के रीवा जिले में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही अयोध्या सहित पूरे संत समाज और राजनीतिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

बताया जाता हैं कि डॉ. वेदांती रीवा जनपद में प्रवास पर थे। तभी बुधवार को अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया। चिकित्सकों द्वारा लगातार उपचार के प्रयास किए गए, लेकिन




इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। डॉ. वेदांती राम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी चेहरों में शुमार थे और उन्होंने आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। अयोध्या से सांसद रहकर उन्होंने संसद से लेकर सड़कों तक राम मंदिर निर्माण की आवाज को मजबूती से उठाई।

## पीएम मोदी को अपशब्द कहने पर संसद में हंगामा

**नई दिल्ली।** रविवार को दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देकर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सवाल उठाया कि इस मुद्दे को संसद में क्यों उठाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय संसदीय मंत्री कार्यवाही में बाधा डाल रहे थे और सत्ताधारी दल प्रदूषण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं कर रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि आप (मीडिया) यह नहीं पूछते कि केंद्रीय संसदीय मंत्री स्वयं सदन की कार्यवाही में बाधा क्यों डाल रहे थे... मंच से किसी ने भी ऐसा कुछ नहीं

### प्रियंका बोलीं- मुद्दों से भाग रही सरकार



कहा।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि फिर हमें पता चला कि जनता में से किसी व्यक्ति या कार्यकर्ता ने इसतहर का बयान दिया था, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह कौन था। फिर इस मामले को सदन में क्यों उठाया जा रहा है? वे (सत्ताधारी दल) सदन को चलने ही नहीं देना चाहते। उनकी ये टिप्पणी कांग्रेस नेता मंजू लता मीना के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कथित वोट चोरी के विरोध में पार्टी द्वारा आयोजित एक रैली के दौरान कथित तौर पर कहा था, मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आज नहीं तब कल खुदेगी। मीना ने अपने बयान का बचाव करते हुए कहा कि वे केवल कथित वोट धांधली पर जनता के गुस्से को व्यक्त कर रही थीं और प्रधानमंत्री पर प्रमुख मुद्दों को हल करने में विफल रहने का आरोप लगा रही थीं। उन्होंने कहा कि मतदान में धांधली को लेकर जनता में बहुत गुस्सा है। उन्होंने (भाजपा ने) धांधली करके सरकारें बनाई हैं और चुनाव आयोग भी उनके निदेशों पर काम कर रहा है।

## प्रयागराज माघ मेला 2026: 15 करोड़ श्रद्धालुओं की उम्मीद

### भव्य आयोजन की तैयारियां तेज

**प्रयागराज**

**प्रयागराज** में 2026 के माघ मेले के लिए व्यापक तैयारियां चल रही हैं। उत्तर प्रदेश प्रशासन को भारी संख्या में तीर्थयात्रियों और आगंतुकों के आने की उम्मीद है। प्रयागराज संभागीय आयुक्त सौम्या अग्रवाल के अनुसार, आगामी माघ मेला पिछले वर्षों की तुलना में अधिक भव्य होने की उम्मीद है, जिसमें लगभग 15 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है। यह वार्षिक धार्मिक आयोजन 3 जनवरी, 2026 से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेगा, जो मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और महाशिवरात्रि सहित कई शुभ स्नान दिवसों के साथ मेल खाता है। माघ मेला पारंपरिक रूप से त्रिवेणी संगम पर आयोजित किया जाता है, जो गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों का संगम है, जहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु पवित्र स्नान करने आते हैं। एएनआई से बात करते हुए संभागीय आयुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि तीर्थयात्रियों की संभावित भारी संख्या को देखते हुए इस वर्ष माघ मेले का दायरा काफी बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक और सेक्टर का निर्माण किया जा रहा है, जबकि इस बार पोंटून पुलों की संख्या सात होगी। कुंभ मेले की तरह ही यातायात अनुमानों के आधार पर उचित आकस्मिक योजनाएं तैयार की गई हैं। अनुमान का विस्तृत विवरण देते हुए उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान रुझानों को ध्यान में रखते हुए और अस्थायी आबादी को भी शामिल करते हुए, तीर्थयात्रियों की संभावित संख्या काफी अधिक है, जिससे माघ मेला 2026 में लगभग 15 करोड़ आगंतुकों का अनुमान लगाया गया है। उन्होंने आगामी मेले के प्रमुख दिनों की तिथियां साझा करते हुए अपना बयान समाप्त किया। उन्होंने आधिकारिक तौर पर कहा, "मकर संक्रांति 15 जनवरी को है, मौनी अमावस्या 18 जनवरी को है, और इसके साथ ही मेला 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के साथ समाप्त होगा।"

इससे पहले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी बताया था कि आगंतुकों की अनुमानित संख्या लगभग 12 से 15 करोड़ होगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी संख्या को ध्यान में रखते हुए उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु तैयारियां की जा रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि कई कल्पवासी पौष पूर्णिमा के लिए जनवरी में आते हैं, और लगभग 20 से 25 लाख आगंतुक पूरे डेढ़ महीने तक छह महत्वपूर्ण दिनों में स्नान करने के लिए रुकते हैं।








# करछना-गौहनिया मार्ग बना मौत का रास्ता, गड्ढों में दफन विकास

अखंड भारत संदेश

### ओवरलोड वाहनों ने तोड़ी कमर, हजारों राहगीर रोज प्रभावित, आश्वासन देकर भूल गया विभाग



**करछना प्रयागराज।** करछना-गौहनिया मार्ग कभी यमुनापार क्षेत्र की जीवनरेखा माना जाता था, लेकिन आज यह मार्ग बदहाली और विभागीय लापरवाही की भयावह तस्वीर बन चुका है। बने अभी कुछ ही महीने हुए थे कि सड़क गहरे गड्ढों, उधड़ी परतों और कीचड़ में तब्दील हो गई। चमचमाती डामर अब अतीत बन चुकी है और हर सफर डर के साये में गुजर रहा है। गौहनिया चौराहे से करछना तक ओवरलोड और ओवर डायमेंशन वाहनों की बेलगाम आवाजाही ने सड़क की कमर तोड़ दी है। दिन में लोग किसी तरह जान जोखिम में डालकर निकलते हैं, जबकि रात में गड्ढों में भरा पानी हादसों को खुला न्योता देता है। ट्रक, ट्रेलर, डंपर, पिकअप और ई-रिक्शा तय क्षमता से कहीं अधिक भार लेकर दौड़ रहे हैं, लेकिन इन्हें रोकने या सड़क बचाने वाला कोई नजर नहीं आता। इस मार्ग से रोज हजारों राहगीर गुजरते हैं। बच्चे स्कूल जाते हैं, मरीज अस्पताल पहुंचते हैं और मजदूर रोजी-रोटी की तलाश में निकलते हैं। पिछले एक महीने में इस सड़क पर 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। गौहनिया, बकैनिहा और राजापुर पुलिया के पास गड्ढे इतने गहरे हैं कि वाहन का पहिया फंसते ही संतुलन बिगड़ जाता है। लोक निर्माण विभाग की नाकामी तब और उजागर होती है जब एक्सईएन प्रांतीय खंड पीके राय के आश्वासन की याद आती है। पिछले महीने उन्होंने इस मार्ग पर पैचिंग कराने का भरोसा दिलाया था, लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी न तो गड्ढे भरे गए और न ही सड़क की हालत सुधरी। अब वही अधिकारी संसाधनों की कमी का हवाला देकर केवल पैचिंग की बात दोहरा रहे हैं। यह आश्वासन नहीं, बल्कि प्रभावित हजारों लोगों के साथ मजाक बन गया है।आज करछनागौहनिया मार्ग विकास की नहीं, बल्कि टूटते भरोसे और सोई व्यवस्था की कहानी कह रहा है।

## आरओबी से गिरकर युवक की मौत

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के मांडा क्षेत्र में आरओबी से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। रविवार रात दिघिया आरओबी से नीचे गिरने के बाद घायल युवक ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान मांडा थाना क्षेत्र के मोनाई गांव निवासी 25 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र शंकर लाल के रूप में हुई है। प्रदीप रविवार रात बाजार से घर लौट रहा था। आरओबी ब्रिज पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घटना की सूचना दिघिया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता को दी। पुलिस लगभग डेढ़ घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंची और खून से लथपथ घायल युवक को अस्पताल भेजा। गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि बाइक चलाते समय प्रदीप मोबाइल फोन पर बात कर रहा था, जिसके कारण बाइक अनियंत्रित होकर आरओबी के डिवाइडर से टकराई। आज उपचार के दौरान प्रदीप ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दिघिया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता ने बताया कि घायल को अस्पताल भेजा गया था, जहां मौत हो गई। परिजनों ने शव का पंचनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

# सचिवों का सत्याग्रह तेज, एडीओ पंचायत को डोंगल किए जमा

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** विकास खंड मांडा परिसर में सोमवार को सचिवों द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली तथा मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों के विरोध में चलाया जा रहा सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन और तेज हो गया। इस दौरान सचिवों ने अपने-अपने डीएससी/डोंगल सामूहिक रूप से एडीओ पंचायत अरुण कुमार यादव को जमा कर दिए। ग्राम सचिवों का कहना है कि 15 दिसंबर 2025 तक उनकी कोई भी मांग पूरी नहीं की गई, जिससे उनमें भारी असंतोष व्याप्त है। सचिवों ने ब्लॉक मुख्यालय पर एकजुट होकर अधिकारियों के समक्ष डोंगल प्रस्तुत किए और स्पष्ट किया कि जब तक मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक उनका शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारी से विनम्र आग्रह किया कि आंदोलन की अवधि तक डोंगल सुरक्षित रखे जाएं तथा पूरे प्रकरण से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए, ताकि न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। सचिव संघ ने दो टूक शब्दों में कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली और गैर-विभागीय कार्यों का दबाव फील्ड आधारित कार्यप्रणाली के प्रतिकूल है, जिससे कार्य निष्पादन प्रभावित हो रहा है। सत्याग्रह आंदोलन के चलते ब्लॉक स्तर पर प्रशासनिक गतिविधियों पर असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। वहीं सचिव संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। मौके पर संजीव कुमार, बृजेंद्र कुमार शुक्ला, संदीप कुमार गुप्ता, संजय कुमार यादव, तेज बहादुर, धीरेंद्र कुमार बिंद, संदीप कुमार, नवनीत कुमार, कमल कुमार राम सकल आदि लोग मौजूद रहे।

# सेंट जोसेफ स्कूल एस्परेंस में झलकी संस्कृति संस्कार और आत्मविश्वास की चमक

अखंड भारत संदेश




**शंकरगढ़।** सेंट जोसेफ स्कूल, शंकरगढ़ के विद्यालय परिसर में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम एस्परेंस का भव्य एवं यादगार आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मक, सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रतिभा का ऐसा प्रभावशाली प्रदर्शन किया कि उपस्थित दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। कार्यक्रम की शुरूआत वसुधैव कुटुंबकम् की भावपूर्ण प्रस्तुति से हुई। इसके पश्चात नृत्य प्रस्तुति, स्वागत की लय, ऑपरेशन सिंदूर, ज्ञान के विजेता, रानी पद्मावती का जौहर तथा महाभारत में धर्म और अधर्म जैसे सशक्त मंचनों ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति, शौर्य, ज्ञान और नैतिक मूल्यों से रूबरू कराया। छोटे-छोटे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को जीवंत बना दिया और दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. लुईस मस्कारेन्हास, बिशप एवं निदेशक, कैथोलिक डायोसिस ऑफ इलाहाबाद ने कहा कि आज का रंगारंग कार्यक्रम उच्च कोटि का रहा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बच्चों के आत्मविश्वास, प्रतिभा और कठिन परिश्रम का सजीव प्रमाण है। उन्होंने बताया कि चार सौ से अधिक बच्चों ने मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। दूरस्थ अंचल में स्थित होने के बावजूद सेंट जोसेफ स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं संस्कार दिए जा रहे हैं।मुख्य अतिथि ने प्रधानाचार्य फादर विल्सन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा और समर्पण विद्यालय को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उन्होंने बच्चों को जीवन में अनुशासन अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि अनुशासन से ही हर क्षेत्र में सफलता संभव है।प्रधानाचार्य फादर विल्सन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में फादर रेजिनाल्ड डीसूजा (डायोसिस ऑफ इलाहाबाद), फादर मेल्विन डीसूजा (डायोसेसन एजुकेशन ऑफिसर एवं प्रधानाचार्य), फादर विंसेंट परेरा, फादर जोसेफ रवि, अल्बर्ट लोबो सहित सैकड़ों की संख्या में अभिभावक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# भीषण ठंड में गरीबों की सेवा करना सच्ची समाजसेवा एवं पुनीत कार्य है : सुनील कुमार

### मेजा के विजौरा गांव में समाजसेवी ने दिव्यांगों बुजुर्गों और असहायों को वितरित किया कंबल गर्म स्वेटर और जैकेट



**मेजा।** क्षेत्र के बिजौरा ग्राम सभा में ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए समाजसेवी सुनील कुमार निषाद ने अपने निजी व्यवस्था से जरूरत मंदो को गर्म शूटर,जैकेट तथा कम्बल वितरण किया। उल्लेखनीय है कि इस दौरान समाजसेवी के आह्वान पर बड़ी संख्या में पहुंचे बुजुर्गों, दिव्यांगों महिलाओं तथा अन्य जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। कंबल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवी सुनील कुमार निषाद ने कहा कि गरीबों की सेवा करना ही सच्ची समाजसेवा एवं पुनीत कार्य है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान करते हुए कहा कि गांव में नशा बंद होनी चाहिए क्योंकि आज की युवा पीढ़ी नशा का आदी हो रहा है जिसे रोकना बेहद जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा बेरोजगार पर हम लोग निरंतर ग्राम सभा बिजौरा में अभियान चला रहे हैं और लोगों को रोजगार प्राथमिक उपचार बच्चों की शिक्षा गांव के चकरोड नाली के व्यवस्था हेतु युद्ध स्तर पर काम करते रहेंगे। इस मौके बड़ी संख्या में ग्रामीण बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### सीएचसी जसरा की समस्त स्वास्थ्य इकाई एवं उप केन्द्रों का स्थलीय पर्यवेक्षण अयोध्या मंडल के अधिकारियों द्वारा किया गया



**जसरा।** प्रयागराज कित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा प्रदेश के तीन मंडलों में अपर मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश में किया गया।अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डा०पीके गुप्ता एवं मनोज मौर्य की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा की समस्त स्वास्थ्य इकाई जैसे सीएचसी जसरा, पीएचसी घूरपुर,जारी व बारा, आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं उप केन्द्रों का स्थवलीय पर्यवेक्षण अयोध्या मंडल के अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान छोटी मोटी कमियों की प्रतिपूर्ति करने का सीएचसी अधीक्षक जसरा डा०अंकिता पांडेय को किया गया। अधिकारियों ने सीएचसी प्रांगण में चल रही ब्यवस्थाओं एवं साफ सफाई की प्रसंशा किया। इस अवसर डा०सुरेश प्रसाद,डा०मनीष कुमार,डा०प्रतिमा मिश्रा,डा०रवी पांडेय, पंकज मिश्रा, सीमा सिंह, चीफ फार्मासिस्ट रमेश चंद्र,इन्द्र जीत सिंह, त्रिभुवन सिंह, देवेन्द्र सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### आरोग्य मेले में मरीजों का उपचार, बांटी दवाएं, 500 मरीजों का हुआ इलाज



**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मांडा द्वारा तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में लगभग 500 मरीजों का इलाज और जांच की गई, साथ ही उन्हें दवाएं भी वितरित की गईं। मेले की देखरेख सीएचसी अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह ने की। अयोध्या मंडल से आए डॉ. श्रीराज और डॉ. अमित कुमार की टीम ने भी इसमें सहयोग किया। मांडा के केड़वर पीएचसी में आयोजित सीएम आरोग्य मेले में डॉ. रियाजुद्दीन, डॉ. विजय कुमार और डॉ. सौरभ कुमार की टीम ने कुल 160 मरीजों का उपचार किया। इनमें 44 पुरुष, 61 महिलाएं और 27 बच्चे शामिल थे।दोहथा पीएचसी में डॉ. रविता गौतम, डॉ. यूपी कुशवाहा और बीसीपीएम महेंद्र कुमार सोनकर की टीम ने 160 मरीजों की जांच और इलाज किया। इन मरीजों में 67 पुरुष, 49 महिलाएं और 44 बच्चे शामिल थे। महेवा कला पीएचसी में लगे आरोग्य मेले में डॉ. एसपी गौड़, डॉ. शैलजा विज्ञानी मिश्रा और डॉ. अमित कुमार ने कुल 170 मरीजों का उपचार किया। इस दौरान सीएचसी की ओपीडी में डॉ. अनिल यादव की टीम भी मौजूद रही। सीएचसी मांडा के अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह ने मेले में आए लोगों को ठंड से बचाव के तरीके भी बताए।

### मांडा में कादिरी क्लब ने उद्घाटन मैच जीता, रात्रिकालीन क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ



**मांडा।** रजा स्टेडियम में रात्रिकालीन क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज हो गया है। उद्घाटन मुकाबले में कादिरी क्रिकेट क्लब कटरा ने नवीना शाह क्रिकेट क्लब मांडा खास को 51 रनों से पराजित किया। मोहल्ला कदम रसूल स्थित रजा स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन नगर पंचायत भारतगंज के चेयरपर्सन प्रतिनिधि आमिर शकील टंकी ने फीता काटकर किया। कादिरी क्रिकेट क्लब कटरा और नवीना शाह क्रिकेट क्लब मांडा खास के बीच यह उद्घाटन मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कादिरी क्लब ने निर्धारित 10 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 106 रन बनाए। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवीना शाह क्रिकेट क्लब की टीम कादिरी क्लब के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाई। पूरी टीम सिर्फ 55 रनों पर ऑलआउट हो गई। इस तरह, कादिरी क्रिकेट क्लब ने 51 रनों से यह मुकाबला अपने नाम किया। मैच के समापन के बाद मुख्य अतिथि आमिर शकील टंकी ने खिलाड़ियों से मलाकात की और उनका उत्साह वर्धन किया।

### ग्राम सभा बेलवा के मजरा दरियाव का पूरा में हुआ कंबल वितरण



**सहसों।** सहसों के ग्राम सभा बेलवा के मजरा गांव दरियाव का पूरा में स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कुसुम मौर्या के आवास पर जरूरतमंद ग्रामीणों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी जनसमस्याएं रखी। जिन्हें गंभीरता से सुना गया। संबंधित समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक पहल किए जाने का आश्वासन भी दिया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र मौर्य, उर्मिला पटेल, पूर्व पार्षद अनीता जायसवाल, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष कुसुम मौर्या, अनीता पटेल, मनोरमा गुप्ता, रीता मौर्य, पूजा मौर्या एवं दुलारी देवी सहित आदि गणमान्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जसरा में होनहार छात्रों को किया गया सम्मानित



**जसरा।** प्रयागराज श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में इण्टर विज्ञान वर्ग के मेधावी छात्रों को शंभूनाथ इंजीनियरिंग कॉलेज झलवा की ओर से सम्मानित एवम पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में इंजीनियरिंग कॉलेज से आए प्रवक्ता आशुतोष पांडेय ने छात्रों को विज्ञान और तकनीकी के महत्व से रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय विज्ञान और तकनीकी का है। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। साथ ही उन्होंने इण्टर के बाद गणित तथा जीव विज्ञान के छात्रों को किए जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में सिद्धार्थ निषाद, दीपांशु पटेल, आर्यन वर्मा, साहिल, हिमांशु पटेल,शिवम आदि छात्रों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ०योगेंद्र सिंह ने आए हुए अतिथि का सम्मान और आभार प्रकट किया। संचालन शिक्षक अचलेंद्र जायसवाल ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्रों के साथ विद्यालय के विज्ञान शिक्षक कुलभूषण मिश्रा,चंद्रशेखर, नन्हे लाल यादव के साथ सुनील कुमार साहू आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

## चार दिन से लापता युवक का नहीं लगा सुराग, परिजन परेशान



**शंकरगढ़।** क्षेत्र के ग्राम चुंदवा निवासी एक युवक के चार दिनों से लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार प्रभाकर सिंह पुत्र स्व. झारखंडी सिंह का पुत्र प्रेम सिंह 17 वर्ष दिनांक 11 दिसंबर को लगभग दोपहर 2 बजे से लापता है। आज चार दिन बीत जाने के बावजूद उसका अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है।परिजनों के अनुसार प्रेम सिंह घर से ब्लैक कलर की मोटरसाइकिल लेकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई जानकारी नहीं मिली तो परिजन बेहद परेशान हो गए। बताया जा रहा है कि युवक की मोटरसाइकिल शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक के पास लावारिस हालत में खड़ी मिली है, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है।लापता युवक के पिता प्रभाकर सिंह ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि उनके पुत्र की जल्द से जल्द तलाश कराई जाए। परिजनों ने स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कार्यकताओं में हर्ष

**सहसों।** भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन तथा पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर सहसों क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए वीरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि नितिन नबीन जैसे अनुभवी, कर्मठ और संगठन को समर्पित नेता को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने से पार्टी व संगठन को निश्चित रूप से नई मजबूती मिलेगी। वहीं पंकज चौधरी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से प्रदेश में भाजपा का जनाधार और अधिक सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं का नेतृत्व कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और इनके मार्गदर्शन में पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी। इस अवसर पर जय प्रकाश द्विवेदी, डॉ.मनीष तिवारी, शिक्षक नेता रमेश कुमार दुबे, प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी, राजधर द्विवेदी, सुभाष शुक्ला, राजमणि शक्ला, अनिल सरोज, रंजन तिवारी, राजेश सरोज एवं प्रहलाद मोदनवाल सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खम्बा गाडने पर घर में घुसकर मारा पीटा गया दी गई तहरीर

**मऊआइमा।** कृषि कार्य हेतु खेत पर खम्बा गाडते समय विपक्षी एक जुट होकर घर में घुसकर मारे पीटे जान से मारने की धमकी दिए। महिला ने थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मदारी निवासनीय अन्जू कुमारी पत्नी हेमन्त कुमार का आरोप है कि वह कृषि कार्य हेतु अपने खेत में खम्बा गडवा रही थी। आरोप है कि विपक्षी एक जुट होकर घर में घुसकर उसे और उसकी भांजी तथा परिवार की रेखा को बाल पकड़ कर घसीट कर मारे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।अन्जू कुमारी ने मऊआइमा थाने में आधा दर्जन के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है।

## फरियादी महिला ने दलाल पर थाने से भगाने का आरोप लगाया, आयुक्त के आदेश पर केस

मऊआइमा। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मऊदोस्तपुर निवासनीय मालती देवी पत्नी राम दुलार बिंद का आरोप है कि उसका पुत्र भगौती अपने साथियों के साथ निर्माण ध्वस्त कर दिया आरोप है कि विरोध पर परिजनों को मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। मालती देवी का आरोप है कि सभी एक राय होकर घर का दीवार तोड कर दस बोरी सीमेंट,सरिया,धान, घरेलू आदि सामान उठ ले गए।मालती देवी का आरोप है कि वह घटना का मुकदमा दर्ज कराने थाने गई तो वहां पहले से मौजूद दलाल उसे गालियां देते हुए धक्का देकर कहा भाग जाओ तुम्हारा मुकदमा नहीं लिखा जाएगा तुम्हें मार कर गटर में फेंक दूंगा। मालती देवी ने इसकी फरियाद पुलिस आयुक्त से की जिसपर मऊआइमा पुलिस ने मालती देवी की तहरीर पर भगौती प्रसाद, राम सजीवन, राम आसरे, रविशंकर, उमाशंकर, सीमा देवी, रेखा देवी, विवेक कुमार, नीलेश सभी निवासीगण गण मऊदोस्तपुर और दीपक कुमार पटेल निवासी अलावलपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पंकज चौधरी के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर आरपीआई के प्रदेश और जिलाध्यक्ष ने दी बधाई





अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भाजपा संगठन चुनाव में पंकज चौधरी के निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने पर आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता और प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने बधाई दिया है। उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की इस उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (आठवले) के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि पंकज चौधरी के रूप में भाजपा प्रदेश संगठन को एक मजबूत और सशक्त नेतृत्व मिला है जो कार्यकताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा और आगामी 2027 का रण पूरी मेहनत और ईमानदारी से लड़ते हुए एक नया कीर्तिमान लिखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने वाले पंकज चौधरी ने पार्षद से राजनीति की शुरूआत की और लंबा सफर तय करते हुए महाराजगंज लोकसभा सीट से सात बार सांसद रहते हुए आज केंद्र सरकार में मंत्री हैं वे संगठन चलने का लंबा अनुभव रखते हैं और एक सामान्य कार्यकर्ता से प्रदेश संगठन के शीर्ष पर पहुंचे हैं। जो भाजपा के लाखों कार्यकताओं के लिए मजबूती की मिशाल बनेंगे। इसी क्रम में आरपीआई प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने कहा कि नवनिर्चित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाईयों पर पहुंचेगा और पूरे प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा। आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता और प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया है।

# सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों पर हुआ मंथन

अखंड भारत संदेश




**थरवई।** सोमवार को पाण्डेश्वर नाथ धाम पड़िला के परिसर में एवं शीतलपुर टिकरी में हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ मां भगवती के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ सम्मेलन की शुरूआत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों की सहभागिता रही। मुख्य अतिथि काशी प्रांत के प्रचारक रमेश जी ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू समाज को संगठित रहने की आवश्यकता है और छुआछूत जैसी कुरीतियों को समाप्त कर सामाजिक समरसता को मजबूत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत धर्म, संस्कृति और मोक्ष की भूमि है, जहां सदियों से परिवार, संस्कार और आपसी सहयोग को सर्वोच्च महत्व दिया गया है। सम्मेलन में समाज में परिवार को केंद्र में रखने, शारीरिक व मानसिक मजबूती के लिए नियमित अभ्यास और शाखाओं के विस्तार पर जोर दिया गया। उन्होंने ने कहा कि मजबूत शरीर से ही मजबूत मन का निर्माण होता है। धार्मिक मूल्यों पर चर्चा करते हुए श्रीमद्भगवद्गीता, तुलसी, गंगाजल और गौ माता के महत्व को रेखांकित किया गया। और कहा कि ये भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ हैं।महाकुंभ का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां बिना किसी जाति या वर्ग भेद के करोड़ों लोग एक साथ संगम में स्नान करते हैं, जो सामाजिक एकता का जीवंत प्रमाण है। हिंदू सम्मेलन के सफल आयोजन में मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी रही। अंत में समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मद्देनजर पड़िला में पहुंचे डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत वहीं थाना प्रभारी थरवई भी टीम के साथ दोनों जगह पर चल रहे कार्यक्रम में मौजूद रहे। पड़िला कार्यक्रम में कार्यक्रम के आयोजक विशाल गिरि रहे एवं अखिलेश गिरि, ग्राम प्रधान जैतवारडीह महेन्द्र गिरि, स्वामी विवेकानंद विद्याश्रम स्कूल थरवई के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार पाण्डेय रहे उसी क्रम में भिदिउरा टिकरी में मौके स्वामी कृष्णानंद जी महाराज, विशाल जी, जिला संयोजक डॉ विवेक तिवारी, राहुल, संजय मौर्य, पुष्पेंद्र साहू, कमल राज साहू आदि सभी मौजूद रहे।

# माघ मेला 2026 को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए मेला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के दृष्टिगत मेला सलाहकार समिति की बैठक मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आईसीसीसी सभागार में संपन्न हुई जिसमें पूज्य संत-महात्माओं, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने सुझाव दिए। सर्वप्रथम अपर मेला अधिकारी, माघमेला दयानंद प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक माघमेला नीरज कुमार पांडेय ने प्रशासन एवं पुलिस द्वारा की गई व्यवस्थाओं की पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। तत्पश्चात सभी संगठनों के उपस्थित प्रतिनिधियों ने एक एक कर अपनी बात रखी। इस क्रम में सर्वप्रथम तीर्थ पुरोहितों का प्रतिनिधित्व कर रहे रामबाबू ने श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े, सभी सेक्टरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहे तथा माघ मेले में मोबाइल कनेक्टिविटी भी सुचारू ढंग से चलती रहे यह सुनिश्चित करने की अपील की। नाविक संघ के प्रतिनिधि पप्पू लाल ने जानकारी देते हुए कहा की कुंभ की भीड़ को देखते हुए यहाँ के नाविकों ने माघ मेले के दृष्टिगत काफी भारी तादाद में नावों की व्यवस्था पहले से ही कर रखी है। अतः बाहर की नावों का रजिस्ट्रेशन करने एवं मोटर बोट चलाने से रोका जाना चाहिए। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन अन्नू गुप्ता ने पुलिस बूथ पर तैनात पुलिसकर्मियों को अच्छे से प्रशिक्षण देने के पश्चात ही उनकी तैनाती करने का सुझाव दिया जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं की अधिक से अधिक मदद की जा सके।आचार्य बाड़ा के उपस्थित प्रतिनिधि ने अपनी समस्याओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जहाँ उनकी बसावट की जा रही है वहाँ अभी तक मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने अन्य सुविधाएं जैसे शौचालयों की संख्या को बढ़ाने की भी अपील की। इसका समर्थन करते हुए श्री कौशलेन्द्र प्रपचार्यजी महाराज ने आचार्य बाड़ा एवं अन्य संस्थाओं की मूलभूत सुविधाएँ बढ़ाने की अपील।खाक चौक के उपस्थित प्रतिनिधि ने प्रशासन से भूमि आवंटन के समय भूमि के साइज के अनुसार एक नया मानक बनाते हुए कितने बड़े प्लॉट में कितने शौचालयों की आवश्यकता है इसका आकलन कर भविष्य में सुविधाएं देने का सुझाव दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय के साथ साधु संन्यासियों की संख्या बढ़ रही है अतः संस्थाओं को अधिक भूमि एवं मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है। लेटे हनुमान जी के महंत श्री बलबीर गिरिजी महाराज ने मेला क्षेत्र में एक बेहतर साइनेज व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।सांसद उज्ज्वल रमन सिंह के प्रतिनिधि ने सभी पीपा पुलों को श्रद्धालुओं हेतु खोले रखने एवं उसमें सुचारू ढंग से ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव दिया। शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने फाफामऊ से शहर आने हेतु बनाए जा रहे दो अतिरिक्त पॉन्टून पुलों को समय के अंतर्गत बनाने, श्रद्धालुओं को किसी भी हाल में घाटों के निकट सोने न देने तथा नागवासुकी के सामने बनाई गई कोस्टल रोड पर स्थायी रूप से बिजली की व्यवस्था करने के सुझाव दिए। महापौर उमेश चंद्रगणेश केसरवानी ने सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा की उचित व्यवस्था करने तथा अधिक भीड़ की संभावना के दृष्टिगत पहले से ही शहर के कुछ स्कूलों में होल्डिंग एरिया की व्यवस्था रखने का सुझाव दिया।अंत में अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी से माघ मेला के आयोजन को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए सहयोग प्रदान करने की अपील की।

## कुत्ते को बचाने के चक्कर में पलटी ऑटो, एक की मौत

**झूंसी।** प्रयागराज-जौनपुर मार्ग पर सोमवार की शाम सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब सहसों से झूंसी की ओर आ रही एक सवारी से भरी ऑटो, इसीपुर गांव के पास अचानक सड़क पर आए एक कुत्ते को बचाने के प्रयास में पलट गई। पुलिस की माने तो एक ऑटो सवारी लेकर झूंसी की ओर आ रही थी। इसीपुर गांव के सामने अचानक एक कुत्ता सड़क पर आगया और ऑटो पलट गई, ऑटो के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दौड़कर ऑटो को सीधा किया और उसमें फंसे लोगो को बाहर निकाला। इस दुर्घटना में हबीबपुर निवासी श्याम सिंह (30) पुत्र वीरेंद्र पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल ले जाने वाले लोगों ने मृतक के परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। झूंसी थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया कि ऑटो कुत्ते को बचाने के प्रयास में पलटी थी। अन्य सवारियां सुरक्षित है।

## न्यूज झरोखा

### माघ मेला में फाफामऊ की तरफ दो नए पांटून पुल बनाने का निर्णय, जाम से मिलेगी राहत



**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के लिए पांटून पुल तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। माघ मेला क्षेत्र में अब नौ पांटून पुल बनाए जाएंगे। पहले सात पुल बनाए जाने की योजना थी, लेकिन अब फाफामऊ की तरफ दो नए पुल बनाने का निर्णय लिया गया है। इससे लखनऊ की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए संगम तक पहुंचने की राह आसान होगी और शहर में जाम से राहत मिलेगी। 15 दिनों के भीतर पुल का निर्माण पूरा हो जाएगा और 31 दिसंबर से फाफामऊ से पीपा पुल पर आवागमन शुरू हो जाएगा। शहर को फाफामऊ से जोड़ने के लिए वर्तमान में केवल एक चंद्रशेखर आजाद सेतु है, जबकि सिक्स लेन पुल का काम अधूरा पड़ा है। माघ मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। अब फाफामऊ की ओर से संगम आने के लिए गंगा पर दो नए पांटून पुल बनाए जाने के निर्णय से बड़ी राहत मिलेगी। लखनऊ, रायबरेली, अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ से आने वाले श्रद्धालु फाफामऊ में बनने वाले दो पांटून पुलों से होकर आएंगे और वाहनों की भीड़ भी बंट जाएगी। लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड चार के अधिशासी अभियंता सुरेंद्र सिंह के अनुसार, इसी हफ्ते पुल का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा।

### फांसी लगाकर युवक ने किया आत्महत्या,सनसनी




**सोरांव।** सोराव थाना के उसरही गांव में सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक युवक छत के पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया इससे मौके पर युवक की मौत हो गई सूचना पर पहुंची सोरांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसरही निवासी आशीष कुमार सरोज 24 साल पुत्र स्वर्गीय रामबाबू की शादी करीब 6 साल पहले नवाबगंज थाना क्षेत्र के जगदीश गांव में हुई थी। पत्नी के गर्भवती होने के कारण आशीष ने पत्नी को मायके में भेज दिया था जिससे 15 दिन पहले ऑपरेशन से एक बच्चा पैदा हुआ बच्चे को कपड़ा ले जाने के लिए आशीष रविवार को अपने ससुराल गया वहां पर रात गुजारी और सोमवार करीब 8 बजे पुनः वापस घर आ गया। ग्रामीणों के अनुसार कुछ बातों को लेकर आशीष सुबह अपनी पत्नी से फोन पर गाली गलौज करने लगा। फोन करने के कुछ देर बाद आशीष अपने कमरे में गया और अंदर से दरवाजे की सीकरी बंद कर पंखे में रस्सी बांधकर फांसी लगा लिया। कुछ समय बाद आशीष का छोटा भाई सतीश कुमार घर पर पहुंच तो देखा कि अंदर से दरवाजा बंद था तो बगल खिड़की से झांका तो उसका भाई आशीष कुमार फंदे से झूल रहा था शोरगुल मचाने पर गांव के लोग मौके पर आए। दरवाजा तोड़कर पंखे से झूल रहे आशीष को नीचे उतारे जब तक अस्पताल ले जाते हैं उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना सोराव थाने पर दी गई मौके पर पुलिस पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं पत्नी नेहा संग परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



**झूंसी।** श्री रामलखन चैरिटेबल ट्रस्ट झूंसी द्वारा रविवार को भोजपुर झूंसी स्थित सत्संग भवन कैम्पस में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य जांच, विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श और निःशुल्क दवाइयों का लाभ लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक हवन-यज्ञ के साथ हुई। शिविर में एलोपैथी, होम्योपैथी और फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। आँखों की जांच करा रहे लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए, जबकि मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए वासुदेव हॉस्पिटल भेजा गया। इस आयोजन में गणेश केसरवानी महापौर और दीपक पटेल विधायक फूलपुर बतौर अतिथि मौजूद रहे साथ ही राम बाबू गुप्ता, राजीव गुप्ता, शोभित गुप्ता, शिवकुमारी, लवकुश केशरी आदि मौजूद रहे।

### फेफड़ा की बीमारी से पीड़ित सपा नेता की मौत



**सोरांव।** लंबी समय से फेफड़ा रोग से पीड़ित समाजवादी पार्टी के जुझारू और कर्मठसील नेता भावापुर निवासी सीताराम पाल (83) की सोमवार को सुबह करीब छह बजे देहांत हो गया। मौत की सूचना पर सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल अपने पार्टी के पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, मोहम्मद इलियास हाफिज, व्यापार मंडल अध्यक्ष लाल चंद्र पटेल,रामाज्ञा मौर्य, राम गणेश मौर्य, डॉक्टर उदय पटेल,दूध नाथ पटेल, खिन्नी पासी, राजेंद्र पटेल आदि लोग अपने नेता को कंधा देने के लिए उनके निज निवास आवास भावापुर गांव पहुंचे। तथा शोकाकुल परिवार राम मूरत,राम सूरत,पवनपाल, राजेश पाल, संदीप पाल, राजू धनगर, राम अभिलाष, राम जी श्याम जी, हिमांशु आदि को सांत्वना दिए। जिनका दाह संस्कार सोमवार को फाफामऊ घाट पर किया गया।

### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के जीसी कंपनी के समीप रविवार देर रात को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर सब्जीमंडी चौकी प्रभारी बलिराम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। राहगीरों की मदद से कार में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया। चौकी प्रभारी बलिराम ने बताया कि हादसे में कोई गंभीर घायल नहीं हुआ है।

### सरदार वल्लभ भाई की पुण्यतिथि पर दी विनम्र श्रद्धांजलि



**नैनी।** नैनी शिवनगर में भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको विनम्र श्रद्धांजलि दी। लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल दूरदर्शी नेतृत्व, दृढ़ इच्छाशक्ति और जन स्वीकार्यता को समग्रता से व्याख्यायित करने वाले भारतरत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता राष्ट्रीय एकता का अमर संदेश है। राष्ट्र आपके युगप्रवर्तक निर्णयादेश का कृतज्ञ रहेगा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व जिला मंत्री सुशील शुक्ला, डा बी एन पांडे, कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव, सौरभ यादव, सानू शुक्ला, शंकर भारतीय, भंडारी कनौजिया, दिनेश सिंह, हरमनजी सिंह, दलजीत कौर सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

## मेजा पुलिस मुझे नजरबंद कर किया है संवैधानिक अधिकारों का हनन : नितेश तिवारी

### कहा- प्रतियोगी छात्रों का महाआंदोलन राजनीति का विषय नहीं बल्कि उनके भविष्य का है सवाल हमारा पूर्ण समर्थन है छात्रों के साथ



**मेजा।** प्रयागराज में प्रतियोगी छात्रों के होने वाले महाआंदोलन में अपना समर्थन देने वाले सपा युवाजन सभा यमुनापार के जिलाध्यक्ष नितेश तिवारी को सोमवार सुबह ही मेजा पुलिस ने लखनपुर स्थित उनके निजी आवास पर नजरबंद कर लिया। इस संबंध में पुलिस का कहना है की सुरक्षा कारणों से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कानूनी कार्रवाई के तहत सपा यमुनापार जिलाध्यक्ष को नजरबंद किया गया है। इधर महाआंदोलन को लेकर सपा नेता नितेश तिवारी ने कहा कि हमारा पूर्ण समर्थन प्रतियोगी छात्रों के साथ है। उन्होंने कहा कि ये राजनीति का विषय नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य का सवाल है। श्री तिवारी का मानना है कि प्रयागराज में आयोजित होने वाली महापंचायत से सरकार इस कदर घबरा गई है कि अब वह आम छात्रों की आवाज से भी डरने लगी है। उन्होंने कहा कि जहां प्रतियोगी छात्रों को आश्वस्त किया जाना चाहिए था,कि माइग्रेशन की पालिसी लागू होगी वहाँ यह सरकार पुलिसिया दमन पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि मुझे नजरबंद करना संवैधानिक स्वतंत्र अभिव्यक्ति के अधिकारों का हनन है।

## भाजपा सभी जाति और धर्म का सम्मान करती है : संजय श्रीवास्तव

**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी द्वारा कायस्थ समाज को उचित प्रतिनिधित्व देकर उसका मान-सम्मान बढ़ाया गया है। यह बात संजय श्रीवास्तव कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख एवं जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रयागराज ने कही। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व में कायस्थ समाज के नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने से समाज का गौरव बढ़ा है। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज सदैव भारतीयजनता पार्टी का समर्थक और मतदाता रहा है। पार्टी ने समाज को यह बड़ा सम्मान देकर सिद्ध कर दिया है। कि भाजपा सभी जाति और धर्म का समान करती है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को बनाए जाने से कायस्थ समाज तथा भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर प्रदेश संयोजक रजनीकांत श्रीवास्तव, एडवोकेट राकेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री भाजपा रामजी श्रीवास्तव, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजबहादुर श्रीवास्तव, भास्कर वर्मा, प्रदीप श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व को बधाई दी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एसआईआर अभियान के तहत कार्य कर रहे सुपरवाइजर्स को विशेष प्रशिक्षण का आयोजन

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) सभागार में एसआईआर अभियान के तहत कार्य कर रहे सुपरवाइजर्स का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) सभागार में आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसआईआर अभियान के तहत कराये जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में मतदाता सूची की लॉजिकल डिस्क्रिप्नेंसी(विसंगति) को दूर करने, मतदाताओं की मैपिंग तथा बीएलओ द्वारा चिह्नित एएसडी मतदाता जिन बूथों पर अधिक है अथवा बहुत कम है, ऐसे बूथों का पुनः सत्यापन कराये जाने, जिससे मतदाता रोल की सभी विसंगतियों को दूर किया जा सके तथा ड्राफ्ट रोल पब्लिकेशन के समय मतदाता सूची की शुचिता को सुनिश्चित किया जा सके के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा, एसडीएम सदर अभिषेक सिंह, अपर जिलाधिकारी सदर गणेश कनौजिया, सभी ईआरओ सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सेवा निवृत्त कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सेवा निवृत कर्मचारी एव पेंशनर्स एसोसिएशन, कन्फेडरेशन आफ सेंट्रल गवर्नमेण्ट इंप्लाइज एंड वर्कर्स उत्तर प्रदेश,गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन प्रयागराज, ए जी यू पी पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, यूनाइटेड फोरम ऑफ पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन , माध्यमिक शिक्षक संघ एव प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान मे धरना स्थल पर सामूहिक धरना दिया गया । इसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से कैबिनेट सचिव एव प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया । सभा की अध्यक्षता श्री आर पी पांडेय, सुभाष चन्द्र पांडेय, आर एस वर्मा, सुशील कुमार श्रीवास्तव एव ऋषिश्वर उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री संतलाल सोनकर ने किया ।सभा में मुख्य वक्ता बी एल कुशवाहा वरिष्ठ उपाध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्मचारी एव पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने बताया कर्मचारियों की समस्याओं पर हम सभी को जागरूक होना पड़ेगा तभी सरकार हमारी मांगों पर विचार करेगी ।कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेण्ट इंप्लाइज एंड वर्कर्स उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि सरकार एक एक कर के हमारे सभी अधिकारो को छीनती जा रही है । गैर वित्त पोषित की लागत और गैर अंशदायी पेंशन के वाक्यांश को टर्म्स ऑफ रिफरेन्स से अविलंब हटाया जाय तथा वेलिडेशन एक्ट को वापस लिया जाये ।गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आर एस वर्मा पूर्व मंडलायुक्त ने बताया कि वर्तमान सरकार सरकारी नौकरियों का अस्तित्व ही समाप्त करना चाहती है ।ऋषिश्वर उपाध्याय ने बताया कि वेलिडेशन क्लाज पेंशन अधिकारो पर सबसे बड़ा संकट है। सेवा निवृत कर्मचारी एव पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन शाखा प्रयागराज के अध्यक्ष श्री आर पी पांडेय ने कहा कि हम अपनी मांगों के लिये संघर्ष करेंगे और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिये कार्य करेंगे। यूनाइटेड फोरम ऑफ पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जोनल अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि उनके नेता श्री शिवगोपाल मिश्रा जी ने कहा है यदि सरकार १.१.२०२६ से वेतन आयोग के सभी लाभो को नहीं देगी तो रेल का चक्का जाम कर दिया जाएगा। धरने में पूर्व मंडलायुक्त श्री वी के सिंह के कहा कि सरकार ने लोगो के जीने का हक छीन लिया है। धरने के इस कार्यक्रम में योगेंद्र पांडेय, शिव बहादुर सिंह, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, आनंद मालवीय, राजबहादुर यादव, सुरेश त्रिपाठी , जगदम्बा यादव , विनोद कुमार ,रवि श्रीवास्तव, राजेश कुमार शर्मा, राजेश श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, संजय मजूमदार, विजय श्याम तिवारी, हिन्द लाल सिंगरोर, त्रिवेणी प्रसाद, महेश सिंह, सर्वेश मिश्रा, गजाधर सिंह , मोहिबुल्लाह आदि लोग मौजूद थे।

## गरीबों के खातों के दुरुपयोग मामले में हरियाणा एसटीएफ की एंट्री, सभी आरोपी फरार

**प्रयागराज।** जनपद जमुनापार क्षेत्र कौंधियारा थाना क्षेत्र के गिधौरा गांव में गरीबों और अनपढ़ ग्रामीणों के बैंक खातों के दुरुपयोग से जुड़े सनसनीखेज मामले ने अब अंतरराज्यीय जांच का रूप ले लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए रविवार को हरियाणा की एसटीएफ टीम गिधौरा गांव पहुंची और मुख्य आरोपी उदित पाण्डेय उर्फ कान्हा के परिजनों से पूछताछ की। टीम ने परिजनों से आरोपी की गतिविधियों, संपर्कों और लेनदेन से जुड़ी जानकारी जुटाने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही सभी नामजद आरोपी फरार चल रहे हैं। एसटीएफ टीम इसके बाद कौंधियारा थाने भी पहुंची, लेकिन आरोप है कि वहां टीम को पुलिस विभाग की ओर से कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। आवश्यक सूचनाएं न मिलने के कारण एसटीएफ टीम को वापस लौटना पड़ा, जिससे स्थानीय स्तर पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गिधौरा गांव में वर्षों से सक्रिय यह संगठित नेटवर्क गरीब महिलाओं और ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाता था। खातों के एटीएम कार्ड, पासबुक और सिम अपने कब्जे में लेकर इनके जरिए संदिग्ध लेनदेन, अंतरराष्ट्रीय हवाला और भारी धनराशि की फंडिंग की जाती थी। खाते सीज होने पर पीड़ितों को मामूली रकम देकर चुप करा दिया जाता था, जबकि विरोध करने पर धमकियां दी जाती थीं। मामले में करछना स्थित इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के एक कर्मी की संदिग्ध भूमिका पहले ही सामने आ चुकी है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। गौरा गांव सहित आसपास के अन्य गांवों के लोगों का कहना है कि पुलिस की ढिलाई के चलते उनका पुलिस प्रशासन से विश्वास उठता जा रहा है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि यदि जल्द निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे मुख्यमंत्री आवास तक जाकर अपनी फरियाद रखने को मजबूर होंगी। मामले ने अब प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि, एकता और अखंडता को किया नमन




**प्रयागराज।** भारत की एकता और अखंडता के महान शिल्पकार, लौह पुरुष और भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण है। स्वतंत्रता के बाद बिखरी हुई रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने एक मजबूत और संगठित भारत की नींव रखी। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में 550 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी, जिसने देश की एकता को स्थायित्व प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि आज के समय में सरदार पटेल के विचार और सिद्धांत पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। उनका दृढ़ संकल्प, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की भावना और प्रशासनिक क्षमता हर नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वक्ताओं ने युवाओं से सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नीति एवं शोध विभाग के प्रदेश सह-संयोजक अंगद सिंह पटेल, घनश्याम मौर्य, सुरेंद्र साहू, राम लखन विश्वकर्मा, अजय कुमार, आदर्श कुमार, दिनेश सिंह पटेल, मंजय श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## सार्वजनिक स्थल पर जुआ संज्ञेय अपराध, बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकारः इलाहाबाद हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थल पर जुआ खेलना संज्ञेय अपराध है और ऐसे मामलों में पुलिस बिना वारंट गिरफ्तारी करने के साथ ही विवेचना भी कर सकती है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने आगरा निवासी कामरान की याचिका खारिज करते हुए की।याची ने विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, आगरा की अदालत में लंबित आपराधिक कार्यवाही को रद्द कराने के लिए भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता की धारा 528 के तहत याचिका दाखिल की थी। मामले के संक्षिप्त तथ्यों के अनुसार, दिसंबर 2019 में अभियुक्त को सह-अभियुक्त के साथ आगरा के सिकंदरा क्षेत्र स्थित एक पार्क में ताश खेलते हुए गिरफ्तार किया गया था। मौके से 750 रुपये बरामद हुए थे। इसके बाद पुलिस ने सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 की धारा 13 के तहत आरोपपत्र दाखिल किया।हाईकोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आती है, जिसमें पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी का अधिकार प्राप्त है। अदालत ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि वह तीन माह के भीतर विचारण पूरा करे।

## चार माह से बह रहा सीवर का पानी, लोगों का जीना मुहाल

अखंड भारत संदेश

### नगर निगम की उदासीनता से बढ़ी परेशानी, माघ मेले के श्रद्धालुओं को भी होगी मुशीबत



**झूंसी।** वार्ड 52, हवेलियां झूंसी से निकलकर यादव चौराहे और आवास विकास कॉलोनी सेक्टर 4 तक बह रहा सीवर का दूषित पानी पिछले चार महीनों से स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी मुसीबत बन गया है। सड़क पर जलजमाव और दूषित पानी से उठ रही असहनीय दुर्गंध ने लोगों का घरों में रहना दूभर कर दिया है। आवास विकास कॉलोनी निवासी डॉ. अनिल दुबे ने बताया कि वे चार माह से लगातार नगर निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं और महापौर व नगर आयुक्त से भी लिखित शिकायतें की हैं, लेकिन अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। इस समस्या से पूरे दिन आवागमन बाधित हो रहा है। व्यापारी अनिल यादव ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीने बाद ही माघ मेले का आयोजन है, जिसमें हजारों श्रद्धालु इसी यादव चौराहे से होकर गुजरेंगे। सड़क पर जमा यह दूषित जल और दुर्गंध उनके लिए एक गंभीर समस्या और परेशानी का कारण बनेगा। निवासियों ने तत्काल सीवर लाइन ठीक कराकर समस्या के समाधान की मांग की है।

# विद्यालय सुविधाओं और शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को लेकर सीडीओ ने दिये निर्देश

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति/डी0टी0एफ0 की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार कक्षमें जिला शिक्षा अनुश्रवण समितिध्डी0टी0एफ0 की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत विकास खंडवार लंबित कार्यों की समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि खंड विकास अधिकारियों को संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर ऑपरेशन कायाकल्प के विभिन्न पैरामीटर में विद्यमान गैप को पूर्ण करने एवं अगली समीक्षा बैठक में प्रगति आख्या प्रस्तुत करें। डीबीटी



(प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) की पेंडेंसी पर खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि सम्बान्धित प्र0अ0ध्प्र0प्र0अ0 से तत्काल आधार सत्यापन पूर्ण करायें। विद्यालयों में विद्युत संयोजन समीक्षा में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम को निर्देशित किया गया कि विद्यालय परिसरों के ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन तारों को हटाने एवं विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन की प्रगति आख्या प्रत्येक सप्ताह खण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया गया कि डायट के डी0एल0एड्0 प्रशिक्षुओं द्वारा किया जायेगा जिसकी तैयारी की जा रही है। जनपद में एआरपी के विषयवार रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिए गए। जीरो पॉवर्टी योजना के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारियों को रैंडम आधार पर स्थलीय सत्यापन कर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मिड-डे मील योजना के अंतर्गत तिथि भोजन को व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय, प्रभावी अनुश्रवण तथा योजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। बैठक में परियोजना निदेशक डी0 आर0 डी0 ए0 दयाराम यादव, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय सहित जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह के साक्षी बने श्रद्धालु

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पंचायत गड़वारा बाजार के प्राचीन शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिनका श्रद्धालुओं ने आनंद लिया।

कथा व्यास आशुतोष महाराज ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की विस्तृत व्याख्या की। इस शुभ अवसर पर मनोहर झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की बारात और विवाह उत्सव का सजीव चित्रण किया गया। श्रद्धालुओं ने इस दिव्य विवाह समारोह का भरपूर आनंद लिया।कथा व्यास आशुतोष महराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का भी वर्णन किया। उन्होंने बताया कि नंदालय में गोपियां भगवान के घर पधारने की प्रार्थना करती थीं। महारास लीला इतनी अलौकिक थी कि स्वयं भगवान भोलेनाथ भी उनके बाल रूप के दर्शन करने गोकुल पहुंचे थे।इस भागवत कथा




से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है, और बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर कथा का श्रवण कर रहे हैं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह, अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू वेद प्रकाश दुबे, ओम प्रकाश सिंह, दीपक पाण्डेय, सूरज पाण्डेय, विकास तिवारी, शुभम पाण्डेय, अमन ओझा, ओम मिश्र, अंकित, प्रेम नाथ विश्वकर्मा, सुनील सोनी, टाइगर तिवारी, अनिल महाकाल, राजन उमरवैश्य, विजय उमरवैश्य आदि मौजूद रहे।

# पुलिस के सघन चेकिंग अभियान से वाहन चालकों में मचा हड़कम्प

## ढकवा मोड़ पर बिना हेलमेट चालकों पर सख्ती, पुलिस ने काटे चालान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** कोतवाली पुलिस द्वारा सोमवार की सुबह क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ढकवा मोड़ पर पुलिस की कार्रवाई से दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।उप निरीक्षक सचिन कुमार यादव, उप निरीक्षक रोहित कुमार, राजेश सिंह, कांस्टेबल अभिषेक यादव, कांस्टेबल संजय चौहान, कांस्टेबल पंकज चौहान, कांस्टेबल कृष्णा यादव के साथ चेकिंग अभियान में दोपहिया वाहन चालकों को रोककर हेलमेट की जांच की। बिना हेलमेट और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध चालानी



कार्रवाई की गई।अचानक हुई इस चेकिंग से कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई वाहन चालक रास्ता बदलते नजर आए, वहीं कुछ ने मौके पर ही हेलमेट की व्यवस्था की।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चलाया गया है। आगे भी इस तरह की चेकिंग लगातार जारी रहेगी।




# हिन्दू सम्मेलन में सनातन संस्कृति की रक्षा का आहवान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के पूरे नरायनदास गांव में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें सनातन संस्कृति की रक्षा को लेकर एकजुटता का आहवान किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि सनातन संस्कृति हिन्दू समाज के एकता की पहचान है। कार्यक्रम में आरएसएस के विभाग प्रचारक ओमप्रकाश ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन का उददेश्य लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना है। उन्होने कहा कि सनातन संस्कृति हमारी धरोहर है इसे जातिपात में बांटना हिन्दू समाज को विखण्डित करने का कुत्सित प्रयास है, जिसे सफल नही होने दिया जाएगा। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता केके सिंह, सूर्यप्रकाश तिवारी, हरिशंकर तिवारी आदि ने भी संबोधित किया। रामसजीवन वर्मा ने अतिथियों का स्वागत व वीरेन्द्र सिंह ने आभार जताया। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश पाण्डेय गुड्डू, राकेश सिंह, श्रीनाथ पासी, अभिषेक सिंह, हिमांशु पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर दर्जन भर से अधिक पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** कोर्ट के आदेश पर लीलापुर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के तेलियाही गांव की उन्मतुलनिशा पत्नी अकबर का आरोप है कि बीती चौदह अक्टूबर की शाम गांव के मेले में गया था। जहां पुरानी रंजिश को लेकर गांव के असलम, शहजाद, अफसरू न्रिशा, हसीना, रवि शुल निशा, जीशान ने एकराय होकर उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन जांच के नाम पर कार्रवाई नही हुई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आठ नामजद व दो अज्ञात समेत तेरह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विद्यालय के निर्माण से बालिकाओं को मिलेगी सुविधायें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अधिशासी अभियन्ता सुजीत राय ने बताया है कि ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा जनपद में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लालगंज में एकेडमिक हॉल एवं बालिका छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें पठन-पाठन एवं छात्रावास की सुविधायें अगले सत्र से प्रारम्भ हो जायेंगी। निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किया जा रहा है, ताकि छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।

## किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन 17 दिसम्बर को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि दिनांक 17 दिसम्बर 2025 को किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू कालाकांकर के सभागकार कक्ष में दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान किसानों की कृषि से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाएगा तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने जनपद के अधिक से अधिक किसानों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता करने एवं इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है।

## सीडीटीपी योजना के तहत ग्रामीणांचल प्रशिक्षाथिर्यों को किया जा रहा है प्रशिक्षित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य ने बताया है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग डिप्लोमा सेक्टर के अन्तगर्त जनपद प्रतापगढ़ में दो पालीटेक्निक संस्थाओं में छात्रध्छात्राएं अध्ययनरत है। जनपद प्रातपगढ़ में दो पालीटेक्निक निर्माणाधीन है, निकट भविष्य में शिक्षणध्प्रशिक्षण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। केन्द्र सरकार के सहयोग से कम्यूनिटी डेवलपमेन्ट थ्रू पालीटेक्निक (सीडीटीपी) योजना के अन्तर्गत ग्रामीणांचल के प्रशिक्षाथिर्यों को प्रशिक्षण देकर उन्हे स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। संस्था में वर्ष 2024-25 में अध्ययनरत छात्रध्छात्राओं का कैम्पस साक्षात्कार के माध्यम से 100 प्रतिशत सेवायोजन हुआ है। भू-गर्भ जंल विभाग के सहयोग से संस्था में बरसात के पानी के प्रबन्धन हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य कराया जा रहा है।

## नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया ें को दिया जायेगा प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने बताया है कि जनपद में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पद पर नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान प्रतापगढ़ में भौतिक रूप से ७ दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान किये जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। जनपद में नवनियुक्त ३७० आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ८ बैच के माध्यम से निर्धारित तिथियों में प्राचार्य ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

# मेला ग्राउंड में दुकानदारों में जमकर मारपीट, तोड़ी दुकानें

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** कस्बा पट्टी स्थित मेला ग्राउंड में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो दुकानदारों के बीच दुकान लगाने की जगह को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर मारपीट के साथ तोड़फोड़ भी की गई।

जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद निवासी गब्बर सिंह मेला मैदान में कपड़े की दुकान लगाए हुए थे, जबकि कस्बा पट्टी निवासी भोलू सोनी ठेले पर पेठा बेचने का कार्य कर रहे थे। दोनों दुकानदारों का दावा था कि जिस स्थान पर दुकान लगाई गई है, वह उनकी पूर्व निर्धारित जगह है। इसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला हाथापाई में बदल गया।घटना सोमवार को लगभग 11 बजे दिन की बताई जा रही है। मारपीट की सूचना मिलते ही पट्टी थाने के उप निरीक्षक सचिन यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों दुकानदारों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मेला समाप्त होने के बाद भी दुकानों के लगे रहने को लेकर भी पुलिस जानकारी जुटा रही है।

# क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ धमाकेदार आगाज

**अखंड भारत संदेश**

**कुंडा।** विकासखंड बिहार के ग्रामसभा तिवारी महमदपुर में तिवारी महमदपुर क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को धमाकेदार आगाज हुआ। गांव के क्रिकेट खेल प्रेमी प्रतिभाओं को बेहतरीन मंच प्रदान करने वाली इस प्रतियोगिता के शुभारम्भ के मौके पर पहला मैच तहलका महमदपुर बनाम ओम इलेवन के बीच खेला गया।जिसमें ओम इलेवन के कप्तान दीपू पांडेय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निणर्य लिए।पहले बल्लेबाजी करते हुए ओम इलेवन की टीम के ओपनर बल्लेबाज विराट तिवारी के नाबाद 32 गेंदों पर 15 छक्कों की शतकीय पारी (121) की बदौलत निर्धारित 8 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 148 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।जिसके



जवाब में रन का पीछा करने उतरी तहलका महमदपुर की टीम मैच में कहीं नजर भी नहीं आई।तहलका महमदपुर के कुल बने 63 रन में तहलका की ओर से बल्लेबाज रवि शर्मा ने सर्वाधिक 38 रन की पारी खेली। इस मैच के मैन ऑफ था मैच शतकवीर बल्लेबाज विराट तिवारी रहे। इस दौरान प्रतियोगिता के आयोजक समाजसेवी सोनू तिवारी,मनोज पटेल,मंजे पटेल,पंकज तिवारी,विजय सरोज,कौशल पटेल,रॉबिन पटेल,बल्लू पांडेय, गुंडे पटेल,समेत तमाम संभ्रांत जन व ग्रामवासी मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद वेदांती के निधन पर प्रमोद ने जताया दुख

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने जिले के पूर्व सांसद डॉ0 राम विलास वेदांती के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि डॉ0 वेदान्ती सरल स्वभाव के व्यक्तित्व तथा आध्यात्मिक विचारधारा के ख्यातिप्राप्त संत थे। उन्होंने कहा कि डॉ0 वेदान्ती के निधन से सामाजिक, आध्यात्मिक, सार्वजनिक लोक सेवा के क्षेत्र को अपूर्णनीय क्षति हुई है। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने निर्गत किया है।

## मारपीट में आधा दर्जन से अधिक पर केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के अगई गांव निवासी सत्येन्द्र प्रसाद मिश्र पुत्र स्व0 राज नारायण ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह दिसंबर की शाम करीब चार बजे वह विद्यालय से अपने घर आ रहा था। आरोप है कि गांव के रास्ते पर पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सुशील कुमार मिश्र उर्फ रजने पुत्र स्व0 यज्ञ नारायण, दुर्गेश मिश्र पुत्र रमाशंकर तथा चार अज्ञात लोगों ने उसे जबरन रोक कर मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। गंभीर चोट लगने से पीड़ित बेहोश हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोगों के दौड़ने से पीड़ित की जान बची। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# महत्वाकांक्षी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना आपत्तिजनक:प्रमोद तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की महत्वपूर्ण एवं महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम में मोदी सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाये जाने को घोर आपत्तिजनक कहा। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि वर्ष 2009 में यूपीए सरकार ने देश की सबसे बड़ी रोजगारपरक योजना को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम जोड़ते हुए कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से गांधी जी की स्मृति को नमन किया। उन्होने कहा कि तत्कालीन यूपीए सरकार की चेयरपर्सन सोनिया गांधी की पहल पर इस महत्वपूर्ण रोजगार गारण्टी योजना का देश में सुखद संचालन शुरू हुआ। उन्होने कहा कि भाजपा की सरकार द्वारा योजनाओं, कार्यालयों, भवनों का नाम रोज रोज बदला जा रहा है। उन्होने सवालिया अंदाज में कहा कि आखिर भारतीय जनता पार्टी को आखिर महात्मा गांधी के नाम से इतनी चिढ़ क्यो है?

उन्होने कहा कि भाजपा गांधी की विचारधारा की जगह गोड़से की विचारधारा को ही सदैव बढ़ावा देती आ रही है। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी पूरी दुनिया में एक हैं और पूरी दुनिया आज महात्मा गांधी की विचारधारा को नतमस्तक कर रही है। उन्होने कहा कि राजनैतिक हताशा और कुण्ठा में मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाये जाने को देशवासी कभी मोदी सरकार को क्षमा नही करेंगे। वही उन्होने पहलगाम आतंकवादी हमले के सही दोषियों का अब तक पता न लगा पाने और उन्हें उनके अक्षम्य अपराध की कठोर सजा न दिला पाने को लेकर भी मोदी सरकार को सवालों के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होने कहा कि केन्द्र शासित कानून व्यवस्था के रहते उस समय निदीष भारतीयों को आतंकवादियों के सामने जान की बाजी गंवानी पड़ी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार राष्ट्रीय मसलों को हल करने की जगह सिर्फ देश की जनता का ध्यान बरगलाने की कोशिश मे लगी हुई है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी का बयान सोमवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## भगवान वासुदेव की सच्ची भक्ति से मिलती है उनकी कृपा-अनिलेश महाराज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के नया पुरवा पड़री में चल रही श्रीमदभागवत कथा में कथाव्यास अनिलेश जी महराज ने भागवत महात्म्य का विस्तार से वर्णन किया। कथाव्यास ने बताया कि भगवान वासुदेव के प्रति सच्ची भक्ति से मनुष्य को उनकी कृपा अवश्य प्राप्त होती है और जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। उन्होने कहा कि श्रीमदभागवत कथा का श्रवण करने से सदमार्ग की प्राप्ति होती है। कथा श्रवण से जीवन में सुख शांति की प्राप्ति हुआ करती है। कथा के दौरान राधेकृष्ण संकीर्तन में भी श्रद्धालु रमे दिखे। मुख्य आयोजक रामलखन सोनी व गीता देवी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर रामेश्वर सोनी, लालजी, मनोज कुमार, ओमप्रकाश, श्यामजी, जयप्रकाश, विजय, रवि, रोहित आदि मौजूद रहे।

## अधिक विद्युत बिल आने की ऊर्जा मंत्री से शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्मार्ट मीटर लगने से आये अधिक बिल के निस्तारण को लेकर पीड़ित उपभोक्ता अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर है। सुनवाई न होने पर पीड़ित ने ऊर्जा मंत्री को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार की है। विकासखण्ड सांगीपुर क्षेत्र के पूरे नरायनदास गांव निवासी जीत लाल वर्मा पुत्र रामसुंदर वर्मा ने ऊर्जा मंत्री को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके घर पर बीती आठ अक्टूबर को स्मार्ट मीटर लगाया गया। पूर्व में उसका कोई विद्युत बिल बकाया नहीं था। इसके बावजूद स्मार्ट मीटर लगने के बाद उन्सठ हजार चार सौ चौरान्वे रूपये बिल आ गया। बिल अधिक आने से विद्युत सप्लाई भी बंद कर दी गयी। पीड़ित समस्या के निस्तारण को लेकर स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र से लेकर अधिशाषी अभियंता तक के चक्कर काट रहा है लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। पीड़ित व उसका परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर है।

## चार पर एससीएसटी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी व मारपीट, धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ गांव निवासी सुनील कुमार पासी पुत्र लाले पासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह दिसंबर की रात करीब आठ बजे उसके पिता अपने खेत में फसल की सिंचाई कर रहे थे। आरोप है कि इसी बीच गांव के धनराज सिंह पुत्र रामआसरे, सुरेन्द्र यादव तथा दो अज्ञात वहां पहुंचे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देने लगे। पीड़ित के पिता द्वारा मना करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा। गंभीर चोट लगने से घायल लाले पासी बेहोश हो गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## 24 घंटे में पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

# सालों ने मिलकर किया था जीजा की हत्या

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र में सुरेंद्र कुमार की हत्या का खुलासा पुलिस ने 24 घंटे के अंदर कर हत्या में शामिल मृतक के 3 सालों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को एसपी ने 25000 रुपए के पुरस्कार से पुरस्कृत किया है सराय अकिल थाना क्षेत्र में 14 दिसम्बर को कस्बा कनैली से होकर बारा ब्लॉक की ओर जाने वाली सूखी नहर में एक व्यक्ति का शव बोरे के अन्दर पड़ा हुआ है, सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर देखा गया तो पाया गया कि एक व्यक्ति का शव बोरे के अंदर पड़ा हुआ था तथा शव से करीब 200 मीटर आगे एक प्लैटिना मोटर साइकिल भी नहर में खड़ी थी साक्ष्य संकलन के क्रम में

### हत्या का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपए नगद पुरस्कार से किया पुरस्कृत



फील्ड यूनिट फोरेंसिक टीम द्वारा घटना स्थल का निरिक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की गयी तथा पुलिस द्वारा शव की तलाशी लेने पर जेब मे पड़े पर्स में उसकी आईडी प्राप्त हुयी, जिसमें आधार पर मृतक का नाम सुरेंद्र कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम ककरहाइ थाना सराय अकिल प्रकाश में आया तत्पश्चात शव के पंचायत नामा की कार्यवाही करते हुये पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी हाउस भेजा गया । घटना के सम्बन्ध में मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर थाना सराय अकिल पर मु0अ0सं0 345/ 25 धारा 103 (1)/ 115(2)/ 351 (2)/ 352 बीएनएस बनाम गुड्डू पुत्र मौला तथा उसके अज्ञात साथियो के विरुद्ध पंजीकृत हुआ घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक द्वारा स्थलीय निरीक्षण करते हुए घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थें। घटना के अनावरण हेतु गठित टीमों द्वारा सर्विलांस, सीसीटीवी कैमरो के अवलोकन तथा साक्ष्य संकलन के क्रम में सभी सम्बन्धित से की गयी पूछताछ से जानकारी प्राप्त हुई कि कुछ दिन पूर्व मृतक सुरेन्द्र व उसके साले गुड्डू के मध्य बहन के साथ प्रताडना को लेकर झगड़ा हुआ था । आरोपी गुड्डू की तलाश करने पर पता चला कि वो घर से भागा हुआ है । संकलित साक्ष्य से आरोपों की प्रथम द्दष्या पुष्टि होने पर गुड्डू को पकड़ने के लिए टीमें लगायी गयी। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15.12.2025 को किलनहाई नदी पुल से अभियुक्तगण गुड्डू पुत्र मौला वा विजय उर्फ गोलू पुत्र मौला (गुड्डू का छोटा सगा भाई) वा महेश पुत्र सूरजदीन निवासीगण ग्राम बारा मढ़ी थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया सभी अभियुक्तो द्वारा हत्या का जुर्म स्वीकार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया हैं। पुलिस की कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त गुड्डू ने बताया कि मेरा जीजा सुरेन्द्र मेरी बहन पर शक करता था, मारता पीटता था तथा बहन की अश्लील फोटो सबको भेज देता था कई बार समझाया पर वह नहीं माना । दिनांक 13.12.2025 को सुरेन्द्र मेरे गांव आया था जब मुझे पता चला तब मैने योजना बनाकर सुरेन्द्र को गांव के बाहर बगिया में मिलने के लिये बुलाया, वहां पर मेरा छोटा भाई गोलू और चचेरा भाई महेश भी मेरे बुलाने पर आ गये, और वही पर हम लोगों का पुरानी बात को लेकर सुरेन्द्र से झगड़ा हो गया तभी हम तीनों लोगों ने मिलकर सुरेन्द्र को डण्डो से उसके सर पर मारा जिससे सुरेन्द्र की मौके पर ही मृत्यु हो गई । इसके बाद घर से दो बोरा लेकर गए, जिसमें शव को भरकर ग्राम मवई की नहर में फेंक दिये थे तथा सुरेन्द्र की मोटर साइकिल को भी थोड़ी दूरी पर नहर में ही फेंक दिये । सबूत छिपाने के लिये उसके फोन और डण्डो को वही केले के बाग के पास मे फेंक दिया । अभियुक्तों की निशानदेही पर मृतक सुरेन्द्र का मोबाइल फोन तथा आला कत्ल 2 डण्डे बरामद किये गये घटना का सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा 25,000 /- रू0 के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।



# अझुवा हाइवे में खड़े होते हैं ट्रक और टेम्पो ई रिक्शा, दुर्घटना की आशंका

अझुवा कौशाम्बी। सैनी कोतवाली के अझुवा कस्बे के हाइवे में ट्रक और टेम्पो,ई_रिक्शा खड़े होते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है नगर पंचायत अझुवा की बड़ी आबादी हाइवे किनारे बसी हुई है ,हाइवे किनारे सैकड़ों दुकानों ,तमाम तरह के प्रतिष्ठान खुले हुए हैं ,सर्विस लाइन में भी अवैध रूप से तमाम दुकानदार अपने खाद्य सामग्री का कारोबार करते हैं,जिसकी खरीददारी करने के लिए बड़े वाहन चालक हाइवे में वाहन खड़ा कर परचून ,सब्जी आदि की खरीददारी करते हैं।अभी 2 दिन पहले झारखंड से सरिया लोडकर दिल्ली जा रहा ट्राला चालक अझुवा कस्बे में हाइवे पर ट्राला खड़ा कर दैनिक वस्तु खरीदने के लिए दूसरे लेन में जा रहा था जिसे अनियंत्रित अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया था जिससे ट्राला चालक के सिर में गंभीर चोट और पैर टूट गया था। अझुवा हाइवे में पुल या फ्लाई ओवर का कतिपय कारणों से निर्माण नहीं हो सका है जिससे अनगिनत मौतें और दुर्घटनाएं घट चुकी हैं।अधिकतर घटनाएं टेम्पो ई_रिक्शा चालकों की बेतरतीब चलाने के कारणों से हुई हैं अभी भी अझुवा हाइवे की सोसायटी से लेकर टांडा मार्ग के सामने तक ई रिक्शा,टेम्पो आदि खड़े कर सवारी भरते और उतारते देखे जाते हैं ।घनी आबादी होने के कारण दोनों पटरियों पर वाहन खड़े होते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है नगर वासियों ने जिलाधिकारी से संज्ञान लेने की अपील की है।

# मांगे ना माने जाने से नाराज पूरे जिले के पंचायत सचिव ने जमा कर दिया डोंगल




**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** ऑनलाइन अटेंडेंस और अन्य विभाग के कार्यों के विरोध में पंचायत सचिव ने संबंधित विकासखंड के एडीओ पंचायत को डोंगल जमा कर दिया ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह के नेतृत्व में पूरे जिले में पंचायत सचिव ने अपने डोंगल संबंधित एडीओ पंचायत को दे दिया है15 दिसंबर तक सभी ग्राम पंचायत सचिव की कोई भी मांग अभी तक पूर्ण न होने कारण सभी पंचायत सचिव ने अपना डीएससी डोंगल जमा करने का निर्णय लिया है शांतिपूर्ण तरीके से पंचायत सचिव के आंदोलन के बाद पूरी सरकारी व्यवस्था में खलबली मच गई है कार्यक्रम का नेतृत्व अरविंद सिंह पंचायत सचिव मंझनपुर ने किया है इस दौरान विपुल कुमार शिव बाबू महेश चंद्र शुक्ला कुलदीप सिंह महेंद्र प्रताप सिंह लक्ष्मी नारायण मनोज कुमार सिंह रमाकांत सिंह कमलेश कुमार राहुल चौरसिया मनोज त्रिपाठी पंकज कुमार मौर्य विष्णु दत्त शुक्ला सहित तमाम पंचायत सचिव मौजूद है यही स्थित जिले के आठों विकासखंड क्षेत्र में पंचायत सचिव ने अपने-अपने संबंधित एडीओ पंचायत को डोंगल जमा कर दिया है जिससे ग्राम पंचायत का विकास बाधित होने की संभावनाएं प्रबल होती जा रही है।

# भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, नन्हे कलाकारों की प्रतिभा से सजा मंच




**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में दिनांक 15 दिसम्बर 2025 को प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य अनुशासित एवं अत्यंत आकर्षक आयोजन किया गया। इस रंगारंग प्रतियोगिता में एलकेजी से कक्षा पाँचवीं तक के बच्चों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य बलाय्या गंगाराबोयिना उप-प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह एवं स्कूल कोऑर्डिनेटर मोहम्मद नसीम श्रीमती रश्मि पाठक,रजनी श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात बच्चों की प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने समस्त छात्रों तथा अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निष्पक्ष एवं प्रभावी मूल्यांकन करने के लिए तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल का गठन किया गया। बच्चों ने डॉक्टर, क्रिकेटर, शिक्षक तथा महान स्वतंत्रता सेनानियों सहित विभिन्न प्रेरणादायक व्यक्तित्वों के गेटअप में मंच पर उतरकर न केवल अपनी वेशभूषा बल्कि संवाद अदायगी और आत्मविश्वास से भी सबको प्रभावित किया। विद्यालय के निदेशक संदीप सक्सेना एवं कोषाध्यक्ष प्रोफेसर प्रशांत अग्रवाल ने अपने संदेश में इस सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य एवं विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्रधानाचार्य बलाय्या गंगाराबोयिना ने सभी कक्षाओं से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की और बच्चों को आगे भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।पूरा आयोजन अनुशासन, रचनात्मकता और उत्साह से परिपूर्ण रहा, जिसने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को और भी जीवंत बना दिया।

# पूरामुफ़्ती थाना की सीसी टीम ने दिखाई सक्रियता

### अवैध रूप से सड़क किनारे खड़े वाहनों पर की कार्यवाही



**कौशांबी।** प्रयागराज जनपद के पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में होने वाली जन क्षति को कम करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सेव लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से संचालित (जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट) कार्यक्रम के तहत पुलिस कमिश्नर प्रयागराज व यातायात नोडल अधिकारी के निदेशानुसार पूरामुफ़्ती थाना की सीसी टीम ने सक्रियता दिखाई। इस अभियान के अंतर्गत गठित सीसी टीम (क्रिटिकल कारिडोर टीम) पूरामुफ़्ती मंदर मोड़, बेगम बाजार, भगवतपुर तिराहा सहित अन्य स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। इस अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों को हटवाया गया, जिससे यातायात बाधित होने और दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इसके साथ ही चार पहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई। सीसी टीम ने वाहन चालकों से वैध दस्तावेज, सीट बेल्ट और अन्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराया। कार्यवाही के साथ-साथ सीसी टीम द्वारा वाहन चालकों और राहगीरों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। वाहन चालकों को तेज रफ्तार, गलत दिशा में वाहन चलाने, सड़क किनारे अनाधिकृत पार्किंग और सुरक्षा उपकरणों की अनदेखी से होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना की आशंका वाले चिन्हित स्थानों (ब्लैक स्पॉट्स) पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को लेकर व्यवहार परिवर्तन लाना और दुर्घटनाओं में शून्य मृत्यु के लक्ष्य को हासिल करना है। सीसी टीम अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। इस दौरान प्रभारी सीसी टीम बृजेश यादव, कॉंस्टेबल अब्दुल सलाम, राहुल सिंह, योगेश, अवध नारायण भगवतपुर तिराहा, बेगम बाजार, मंदर मोड़ सहित अन्य स्थानों पर सघन चेकिंग व कार्यवाही की गई।




# आम के पेड़ पर फंदे से लटकता मिला युवक का शव मचा हड़कंप

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के रतगहां गांव में सोमवार की सुबह गांव के बाहर ट्यूबवेल के पास आम के पेड़ में रस्सी के फंदे से लटकता हुआ युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने पेड़ में शव देखा तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना मिलने के बाद मौके पर थाना पुलिस पहुंची है और शव को पेड़ से नीचे उतार करके पहचान करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह लगभग 9:00 बजे जब गांव के लिए खेतों की ओर जा रहे तो देखा कि गांव के बाहर पेड़ से एक व्यक्ति का शव लटक रहा है जानकारी मिलते ही मौके पर गांव के तमाम लोग पहुंच गए मृतक की पहचान तीरथ सिंह पुत्र रामजश निवासी रतगहां थाना चरवा के रूप में हुई है सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर परिवार के लोग भी रोते बिलखते पहुंच गए हैं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक ने आत्महत्या क्यों की है इस बारे में कोई भी कुछ बताने को तैयार नहीं है।

# चित्रगुप्त का जयकारा लगाते हुए सक्सेना श्रीवास्तव खरे सिन्हा समाज के लोगों ने नए भाजपा अध्यक्ष को दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशांबी।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए बिहार सरकार के मंत्री नितिन नवीन को पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है. नितिन नवीन को यह बड़ी जिम्मेदारी मिली है.भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव काफी समय से लंबित है. लेकिन अब लग रहा है कि जल्द ही बीजेपी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा. रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने एक बड़ा फैसला लेते हुए नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने की घोषणा की है. नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने का मतलब है कि नए अध्यक्ष मिलने तक नितिन नवीन जेपी नड्डा की जिम्मेदारी संभालते नजर आएंगे. आम तौर पर जब चुनाव करीब होता है, तब कार्यकारी बनाए जाते हैं. यह चुनाव से पहले की एक अहम



कौन हैं नितिन नवीन, जिन्हें इखढ ने बनाया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, नए अध्यक्ष मिलने तक संभालेंगे नड्डा की जिम्मेदारी

प्रक्रिया है. हालांकि नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाना, उनको मिली एक बड़ी जिम्मेदारी है. हालांकि बीजेपी में परंपरा है कार्यकारी अध्यक्ष ही पूर्णकालिक अध्यक्ष नियुक्त होते रहे है. नितिन नवीन अभी बिहार सरकार में मंत्री हैं. नितिन नबीन भाजपा के सबसे युवा अध्यक्षों में से एक हैं.नितिन नवीन राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी जैसे ही कायस्थ सक्सेना खरे सिन्हा समाज के लोगों को मिली उन्होंने बधाई दी है और कहा है की कायस्थ समाज के व्यक्ति ने शिखर के पद पर पहुंचकर पूरे कायस्थ समाज का नाम रोशन किया है बधाई देने वालों में संतोष श्रीवास्तव ट्रेजरी रत्नेश श्रीवास्तव ट्रेजरी राजू सक्सेना पत्रकार विवेक स्वरूप उर्फ बब्लू वर्मा प्रदीप श्रीवास्तव अम्बरीष श्रीवास्तव उर्फ बच्चा भाई वजहा डॉ प्रबोध श्रीवास्तव सुशील श्रीवास्तव प्रदीप श्रीवास्तव पीडब्ल्यूडी सहित तमाम लोग शामिल रहे वक्ताओं ने चित्रगुप्त वंशज का जयकारा लगाया है। नितिन नवीन को बीजेपी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी है. पीएम मोदी ने लिखा- नितिन नवीन ने एक कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है. वे एक युवा और परिश्रमी नेता हैं, जिनके पास संगठन का अच्छा-खासा अनुभव है. बिहार में विधायक और मंत्री के रूप में उनका कार्य बहुत प्रभावी रहा है, साथ ही जनआकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्होंने पूरे समर्पण भाव से काम किया है. वे अपने विनम्र स्वभाव के साथ जमीन पर काम करने के लिए जाने जाते हैं. मुझे पूरा विश्वास है कि उनकी ऊर्जा और प्रतिबद्धता आने वाले समय में हमारी पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगी. भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई नितिन नवीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने का मतलब है कि वह नए अध्यक्ष का चुनाव होने तक पार्टी के कप्तान होंगे. नितिन नवीन बिहार में भाजपा कद्दावर नेता हैं. नितिन नवीन बिहार सरकार में पथ निर्माण और नगर विकास जैसे अहम विभाग के मंत्री हैं. वह पटना के बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार चुनाव जीतते हुए आ रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### धान क्रय केन्द निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि किसानों से पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए धान खरीद



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने सोमवार को धान क्रय केन्द्र, ओसा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी से मण्डी में कुल क्रय केन्द्रों की संख्या, धान की उठान, बोरो की उपलब्धता, किसानों को भुगतान एवं लक्ष्य के सापेक्ष धान की खरीद की प्रगति आदि जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि किसानों से धान क्रय का कार्य पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाय। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाये। किसानों को धान क्रय का भुगतान निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि विचौलियों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाय।जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से वार्ता कर पूँछा कि धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या तो नहीं आ रही है, जिस पर किसानों ने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है।

### पुलिस लाइन में तैनात दरोगा की बीमारी के चलते निधन



**कौशांबी** बलिया जनपद के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के जमुई गांव के रहने वाले निर्मल मिश्रा कौशांबी पुलिस लाइन में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे ओसा चौराहे के पास वह किराए के मकान में रहते थे रविवार की सुबह अचानक दरोगा निर्मल मिश्रा की तबीयत खराब हो गई लंबे समय से वह लीवर की बीमारी से जूझ रहे थे उनके साथी दरोगा ने उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया लेकिन रविवार की शाम को इलाज के दौरान दरोगा निर्मल मिश्रा की मौत हो गई है मौत की जानकारी उनके परिवार को दे दी गई है परिवार के लोग कौशांबी पहुंच गए हैं दरोगा की मौत से पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर है मौत की जानकारी मिलने पर उनकी पत्नी वा बेटे आशुतोष मिश्रा और अंशुमान मिश्रा वा बेटी प्रज्ञा मिश्रा रोते बिलखते कौशांबी पहुंच गए हैं बताया जाता है कि 1991 में सिपाही के पद पर निर्मल मिश्रा पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे

### घर के बाहर बंधी गाय और बछिया को खोल ले गए चोर कुएं में मिली हड्डियां



**सराय अकिल कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के फकीराबाद चौराहा निवासी शिव प्रसाद पुत्र शिव शरण की गाय और बछिया उनके घर के सामने बंधी हुई थी 13 दिसंबर की रात्रि में उनकी गाय और बछिया को कुछ अज्ञात चोर खोल ले गए हैं गाय बछिया के चोरी हो जाने के बाद उसके मालिक ने पूरे दिन उसकी खोजबीन की लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा 15 दिसंबर को गांव के पास कुएं में गाय बछिया की हड्डियां मिली हैं जिससे आशंका जताई जाती है कि गो तस्करों ने गाय बछिया ले जाकर के उसका मांस निकाल लिया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची है और कुएं से गाय बछिया की हड्डियों को बाहर निकाला है।

### पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई



**कौशांबी।** एसपी राजेश कुमार द्वारा 15.12.2025 को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जन सुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

### डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सपा पर बोला हमला

**बोले 2027 में 325 से अधिक सीटें जीतकर सपा का सूपड़ा साफ करेंगे**



**कौशाम्बी।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला है,डिप्टी सीएम ने प्रयागराज मे छात्रों से प्रशासन द्वारा मारपीट को लेकर बड़ा बयान दिया है, उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव चिंता न करें, हमें छात्रों की भी चिंता हैं और युवको की भी और देशवासियो और प्रदेशवासियो की भी चिंता हैं,हमारी डबल इंजन की सरकार सबके उज्वल भविष्य की कामना करती है।डिप्टी सीएम में कहा कि 2017 मे हमलोग 325 सीटें जीते थे उसका रिकॉर्ड 2027 मे तोड़ेंगे,325 से अधिक सीट जीत कर समाजवादी पार्टी का सूपड़ा साफ करेंगे। इनकी गुंडागर्दी सदा की लिए खतम करेंगे। इनके तुष्टिकरण परिवारवाद भ्रष्टाचार सबका अंत होगा। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को डिप्टी सीएम नें बधाई भी दी।

### पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष को प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**भरवारी कौशांबी** चायल तहसील क्षेत्र के तिलहापुर स्थित एक गेस्ट हाउस में सोमवार को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय रमेश पासी की प्रथम पुण्यतिथि पर एकत्रित भाजपा नेताओं ने उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है और पूर्व जिला अध्यक्ष के कार्यों को याद किया है इस मौके पर पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार पूर्वी जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा देवी पूर्व जिला अध्यक्ष उदयन सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम चंद्र चौधरी राजू सक्सेना रमेश पटेल अरविंद तिवारी नन्हे तिवारी अश्वनी तिवारी चक्रेश मिश्रा जमुना प्रसाद त्रिपाठी मनोज कुमार पासी सुरेश कुमार पासी संदीप मिश्रा सहित इलाके के तमाम आम जनता पार्टी नेता कार्यकताओं ने पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश पासी को श्रद्धांजलि अर्पित की है

### मैजिक ने बच्ची को कुचला बच्ची की मौत परिजनों में मचा कोहराम

**कौशांबी।** थाना कौशांबी क्षेत्र के गोपसहसा गांव में रविवार दोपहर एक मासूम बच्ची को मैजिक ने कुचल दिया जिससे मासूम बच्ची की मौके पर मौत हो गई।बच्ची के मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के मुताबिक गोपसहसा गांव निवासी राम सिंह पाल की मासूम बच्ची साक्षी रविवार दोपहर घर के पास खेल रही थी तभी अचानक छोटा हाथी मैजिक नंबर वढ3अ7278 के चालक दिनेश कुमार पुत्र भैयालाल ने मासूम बच्ची की कुचल दिया मौके पर ही बच्ची की मृत्यु हो गई सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और उपरोक्त वाहन चालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई है।

# सम्पादकीय

## उभरती वैश्विक भूराजनीति में यूरोप कहां है?

**ट्रंप-2** प्रशासन की पूरी समझ में यूरोपीय देशों और नाटो की भूमिका को कमतर आंकने वाली वैश्विक सुरक्षा नीति की घोषणा के कारण ... पिछले सात दिनों में वैश्विक हालात के बारे में अमेरिका की समझ से जुड़े तीन बातें हुई हैं, जिनसे पता चलता है कि ट्रंप प्रशासन धीरे-धीरे यूरोप के साथ अपनी प्रतिबद्धता वापस ले रहा है, जो 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद से पिछले आठ दशकों से चल रही व्यवस्था के खत्म होने का संकेत है।

अमीर यूरोपीय देशों, खासकर जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन की तिकड़ी के लिए, साल 2026 में जो भूराजनीतिक स्थिति बन रही है, उसमें अस्तित्व के संकट के काफी तत्व हैं। यह वैश्विक सुरक्षा पर अमेरिकी नीति की घोषणा के कारण है, जो ट्रंप-2 प्रशासन की पूरी समझ में यूरोपीय देशों और नाटो की भूमिका को कमतर आंकती है।

ट्रंप-2 प्रशासन की पूरी समझ में यूरोपीय देशों और नाटो की भूमिका को कमतर आंकने वाली वैश्विक सुरक्षा नीति की घोषणा के कारण ... पिछले सात दिनों में वैश्विक हालात के बारे में अमेरिका की समझ से जुड़े तीन बातें हुई हैं, जिनसे पता चलता है कि ट्रंप प्रशासन धीरे-धीरे यूरोप के साथ अपनी प्रतिबद्धता वापस ले रहा है, जो 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद से पिछले आठ दशकों से चल रही व्यवस्था के खत्म होने का संकेत है। इन तीनों में 9 दिसंबर को मशहूर पत्रिका पोलिटिको को दिया गया ट्रंप का साक्षात्कार, 4 दिसंबर को स्टेट डिपार्टमेंट द्वारा जारी यूएस सिक्योरिटी पॉलिसी इन पर्सपेक्टिव, और तीसरा पेंटागन द्वारा रॉयटर को दिया गया अनऑफिशियल साक्षात्कार शामिल था। इन तीनों ने साफ कर दिया कि ट्रंप प्रशासन ने सुरक्षा पर अपनी निर्भरता के मामले में अमेरिका को यूरोप से अलग करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। पोलिटिको को दिए गए ट्रंप के इंटरव्यू का सबसे जरूरी हिस्सा यह था कि डोनाल्ड ट्रंप ने इशारा किया कि वह यूक्रेन का समर्थन और सहयोग करना छोड़ सकते हैं, क्योंकि उन्होंने यूरोप की अपने प्रशासन की हालिया आलोचना को और आगे बढ़ाया, उसे 'कमजोर' और 'खराब होता हुआ' बताया और दावा किया कि यूक्रेन सिर्फ यूरोप के समर्थन और सहयोग से रूस के खिलाफ युद्ध नहीं जीत सकता। यह साफ था कि ट्रंप इस बात से नाराज थे कि 8 दिसंबर को जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के तीनों नेताओं ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात की और ट्रंप की शांति की योजना को नजरअंदाज़ करते हुए जंग जारी रखने के लिए उन्हें पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। यूरोपियन चालों के इस नजरिए के बावजूद, अगले दिन ट्रंप का इंटरव्यू रिलीज किया गया जिसमें ट्रंप ने राष्ट्रपति जेलेंस्की को उनकी शांति की योजना मानने के लिए कहा, यह तर्क देते हुए कि मॉस्को का पलड़ा भारी रहेगा और जेलेंस्की को अमेरिकी मर्जी के हिसाब से खेलना चाहिए, न कि यूरोपियनों के हुक्म के मुताबिक।

ट्रंप ने कहा, 'अगर यह इसी तरह चलता रहा, तो यूरोप' मेरी राय में' उनमें से कई देश अब चलने लायक देश नहीं रहेंगे।

# पुतिन की भारत यात्रा के संदेश से बौखलाए हैं पश्चिमी देश

**डॉ.अजय पटनायक**

**पुतिन** की हालिया यात्रा एक दीर्घकालिक, टिकाऊ और व्यापक साझेदारी हासिल करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए थी। भारत-रूस के बीच प्रगाढ़ मैत्री का संदेश देने के बाद असली चुनौती यह होगी कि यूक्रेन में आसन्न आपदा से और अधिक निराश हो रहे एवं शत्रुतापूर्ण रुख अपनाने वाले पश्चिम का सामना कैसे किया जाए। भारत पर अधिक कूटनीतिक तथा आर्थिक दबाव हो सकता है। अपनी जमीन पर खड़ा होना एक चुनौती होगी।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा दोनों देशों के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण थी। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से ही शेष विश्व से अलग-थलग करने के लिए पश्चिमी देश प्रतिबंधों और अभियानों के माध्यम से मास्को पर दबाव डाल रहे हैं। भारत पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस की निंदा करने उस देश से तेल खरीद को कम करने और फिर रूस से तेल खरीदने के लिए अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ का सामना करने का भी दबाव रहा है। ऐसे समय में जब रूस युद्ध में बढ़त हासिल कर रहा है और अधिक क्षेत्रों पर अपना नियंत्रण बढ़ा रहा है, पश्चिम के पास रूस को अंतरराष्ट्रीय तौर पर दूर करने के आवाश्सन के अलावा यूक्रेन को देने के लिए कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं बचा है। इसने ट्रम्प के शांति प्रयासों को तोड़ दिया है। इस प्रकार रूस के लिए सिर्फ युद्ध में बढ़त हासिल करना पर्याप्त नहीं है बल्कि यह प्रदर्शित करना है कि पश्चिम से परे एक ऐसी दुनिया है जो मायने रखती है। ब्रिक्स, एससीओ और ग्लोबल साउथ के देश अब तक पश्चिमी रुख से विचलित नहीं हुए हैं और उन्होंने रूस के साथ मंच साझा किए हैं। पुतिन की 4-5 दिसंबर 2025 की नई दिल्ली यात्रा इस दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण थी। पश्चिम के दबाव और दंडात्मक टैरिफ के बावजूद यूक्रेन-रूस संघर्ष में किसी का पक्ष न लेते हुए रणनीतिक स्वायत्तता का प्रदर्शन करना भारत के लिए अनिवार्य रहा है। अब तक एक रणनीतिक संतुलन कार्य हुआ है: रूस की निंदा न करना और शांति के बारे में बात करना। इसलिए भारत के लिए यह यात्रा केवल तेल, परमाणु ऊर्जा, श्रमिकों के प्रवास या हथियारों और लड़ाकू विमानों के बारे में नहीं थी। ये मुद्दे भी महत्वपूर्ण थे और बातचीत को आगे बढ़ाया गया। इसी तरह द्विपक्षीय व्यापार में भारत के सामने आने वाले भारी व्यापार घाटे के मुद्दे पर भी विचार होना था। व्यापार असमानता को दूर करने हेतु भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के लिए रूसी बाजारों को खोलने तथा 2030 तक भारत-रूस आर्थिक सहयोग के रणनीतिक क्षेत्रों के विकास के लिए कार्यक्रम को अपनाने का उद्देश्य भी सामने है।

पुतिन ने इस वर्ष ही चीन (एससीओ शिखर सम्मेलन), ताजिकिस्तान (सीआईएस शिखर सम्मेलन), किर्गिस्तान (सीएसटीओ शिखर सम्मेलन) का दौरा किया। इन सभी शिखर सम्मेलनों में कई महत्वपूर्ण गैर-पश्चिमी नेताओं ने भाग लिया। लेकिन यह अलग मामला है। पश्चिम ने इस बात पर ध्यान दिया है कि पुतिन बहुपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए भारत में नहीं थे। वे यहां रूस और भारत के नेताओं के 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए थे। नई दिल्ली और मॉस्को की निरंतर निकटता को लेकर पश्चिमी दुनिया की बेचैनी का पता उसकी प्रतिक्रिया से चलता है। पुतिन की भारत यात्रा की पूर्व संध्या पर ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के राजदूतों ने संयुक्त रूप से एक ऑप-एड प्रकाशित किया गया था। लेख के लहजे व समय से पता चलता था कि इन देशों ने स्पष्ट रूप से यात्रा का स्वागत नहीं किया और यूक्रेन संकट को बढ़ाने के लिए रूस को दोषी ठहराया। विदेश मंत्रालय ने इस कदम को 'बहुत ही असामान्य' और 'राजनयिक मानदंडों का अस्वीकार्य उल्लंघन' करार देते हुए भारत को किसी तीसरे देश के साथ अपने संबंधों के बारे में सार्वजनिक रूप से सलाह न देने की बात कही है। रूसी राजदूत की ओर से एक विरोध पत्र जारी किया गया जिसमें कहा कि यूक्रेन समस्या 2014 में शुरू हुई जब यूक्रेनी राष्ट्रपति को 'पश्चिमी समर्थन' से अपदस्थ किया गया। पुतिन के दौरे के समय इस तरह के नकारात्मक पहलू थे लेकिन रूसी नेता के लिए रेड कारपेट



बिछाया गया, भारतीय नर्तकियों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया, दोनों नेताओं ने एक दूसरे को गले लगाया। इसके साथ ही भारतीय प्रधानमंत्री की कार में एक साथ यात्रा करने का ऑप्टिक्स था। इसके बाद की घटनाएं संबंधों में सौहार्द्र और दोस्ती को प्रदर्शित करने के लिए थीं। इस यात्रा ने उम्मीदों को भी बढ़ाया। एसयू 57 लड़ाकू विमान या एस- 400/500 वायु रक्षा प्रणाली जैसी कुछ बड़ी घोषणाओं की उम्मीद थी। लेकिन इन सौदों पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। इसके बजाय दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक संबंधों के विस्तार पर ध्यान केंद्रित किया गया था। रक्षा सौदों में समय लगता है तथा एक अलग स्तर पर बातचीत करनी पड़ती है। इसके बावजूद रूस ने भारत को परमाणु रिएक्टरों और ईंधन सहित ऊर्जा आपूर्ति के बारे में आश्वासन दिया है। श्रम गतिशीलता व वीजा सुविधा दोनों के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि रूस को जनशक्ति संसाधनों की आवश्यकता है एवं भारत अधिक रोजगार के अवसरों की तलाश कर रहा है। सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान भी समझौतों के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। बहरहाल, भारत-रूस संबंधों के सबसे महत्वपूर्ण तत्व बुनियादी ढांचे व परिवहन गलियारों और बाजार तक पहुंच हैं। इस नजरिए से अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी )और यूरेशियन आर्थिक संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर ध्यान केंद्रित करने से मदद मिलेगी। इससे अकेले रूस और कुछ सीआईएस देशों के साथ भारत के व्यापार में भारी वृद्धि होगी। संयुक्त वक्तव्य में यह उल्लेख किया गया था कि दोनों नेताओं ने भारत और यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन के बीच आपसी हित के क्षेत्रों को शामिल करते हुए वस्तुओं पर मुक्त व्यापार समझौते पर चल रहे संयुक्त कार्य में तेजी लाने की सराहना की।

23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के बाद विदेश मंत्रालय द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि यह प्रक्रिया 2011-12 से लंबी खींची गई है और समझौते में अत्यधिक देरी हुई है। संयुक्त बयान के अनुसार दोनों पक्ष 'स्थिर व कुशल परिवहन गलियारों के निर्माण में सहयोग को और गहरा करने पर भी सहमत हुए जिसमें अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी), चेन्नई-व्लादिवोस्तोक (पूर्वी समुद्री) गलियारे और उत्तरी समुद्री मार्ग का समर्थन करने के लिए कनेक्टिविटी में सुधार तथा बुनियादी ढांचे की क्षमता बढ़ाने के लिए रसद लिंक का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने ध्रुवीय जल में संचालित जहाजों के लिए विशेषज्ञों के प्रशिक्षण पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का भी स्वागत किया।

संक्षेप में, ऐसा लग सकता है कि इस मामले में बहुत सार नहीं था। हालांकि राजनयिक संदेश के दृष्टिकोण से शिखर सम्मेलन अधिक सफल रहा। फिर भी, केवल इतना ही पर्याप्त नहीं होगा। जैसे-जैसे शांति प्रक्रिया में प्रगति में देरी होती है और रूस अधिक क्षेत्रों पर कब्जा करता है, यूरोपीय संघ और वाशिंगटन वार्ता को बाधित करने की कोशिश करेंगे। रूस से ऐसी मांगें की जाएंगी जिन्हें वह पहले ही खारिज कर चुका है। इस हालात में रूस और उसके सहयोगी दोनों दबाव में होंगे। प्रतिबंधों एवं शुल्कों को और कड़ा किया जाएगा जिससे न केवल रूस बल्कि भारत जैसे उसके सहयोगियों को नुकसान होगा। इस प्रकार दोनों देशों को आने वाली प्रतिकूलताओं के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। उनका एकमात्र विकल्प पश्चिम के बाहर व्यापार और व्यापारिक भागीदारों में विविधता लाना है। पुतिन की हालिया यात्रा एक दीर्घकालिक, टिकाऊ और व्यापक साझेदारी हासिल करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए थी। भारत-रूस के बीच प्रगाढ़ मैत्री का संदेश देने के बाद असली चुनौती यह होगी कि यूक्रेन में आसन्न आपदा से और अधिक निराश हो रहे एवं शत्रुतापूर्ण रुख अपनाने वाले पश्चिम का सामना कैसे किया जाए। भारत पर अधिक कूटनीतिक तथा आर्थिक दबाव हो सकता है। अपनी जमीन पर खड़ा होना एक चुनौती होगी। भारत ने अब तक दिखाया है कि वह रूस के साथ अपनी दोस्ती जारी रखने तथा रक्षा से लेकर ऊर्जा, जनशक्ति गतिशीलता से लेकर नवाचार, निवेश व प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान से लेकर संस्कृति एवं पर्यटन तक विविध क्षेत्रों में संबंधों का विस्तार करने का इच्छुक है। संक्षेप में, पुतिन की यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों को प्रतिबंधों का अवहेलना करने और सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने के लिए तैयार करना था- रूस के सुदूर पूर्व और आर्कटिक में, जलवायु परिवर्तन और हरित ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग, और ब्रिक्स, एससीओ और जी-20 जैसे बहुपक्षीय मंचों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना था।

# कांग्रेस का सुख, मोदी का दुख

**सर्वमित्रा सुरजन**

**किसी** देश के लिए दो सदियों तक गुलाम रहना और फिर भी अपनी आत्मा को बचाए रखना आसान नहीं था। अंग्रेजी हुकूमत ने हर तरह से भारत को तोड़ने की कोशिश की। हमारे रंग से लेकर भाषा, पहनावे, रीति-रिवाज, सामाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक वैविध्य सबका मखौल उड़ाया। फिर भी अंग्रेजों के सामने भारतीय डटे रहे। 1857 से लेकर 1947 तक एक लंबा संघर्ष आजाद होने के लिए चलता रहा।

नरेन्द्र मोदी के अंधसमर्थकों ने उन्हें दैवीय पुरुष बना दिया है। मोदी खुद को ब्रह्मांड की असीम ऊर्जा से संपन्न अवतरित बता चुके हैं, उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि उन्हें लगता नहीं कि वे अपनी मां की कोख से जैविक तौर पर जन्मे हैं। देश का मीडिया दिन-रात मोदी-मोदी के नाम की माला जपता है और विदेशों में जब प्रधानमंत्री जाते हैं तो वहां भी उनके नाम की दीवानगी दिखाई जाती है। कई ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं जब साक्षात मोदी को देखकर लोग अपनी खुशकिस्मती पर रो पड़े। इतना यश, सम्मान, सत्ता, संपत्ति, सुविधाएं सब मिलने के बावजूद न जाने कौन सी हीन ग्रंथि है जो नरेन्द्र मोदी को असली सुख से वंचित रख रही है। वो सुख जो देश के विपक्ष को, कांग्रेस पार्टी को हासिल है कि आज भले वे कम वोट मिलने से हार रहे हैं, लेकिन इस देश को बनाने में उनका जो योगदान रहा है, उसे सब याद करते हैं। देश उस पेड़ के फल तोड़ रहा है, उस पेड़ की छाया में चैन पा रहा है, जो आजादी के वक्त कांग्रेस और उसके साथियों ने लगाया था। संविधान नाम के इस पेड़ के बीज दो सौ साल की गुलामी से छुटकारा पाकर लगाए गए थे।

किसी देश के लिए दो सदियों तक गुलाम रहना और फिर भी अपनी आत्मा को बचाए रखना आसान नहीं था। अंग्रेजी हुकूमत ने हर तरह से भारत को तोड़ने की कोशिश की। हमारे रंग से लेकर भाषा, पहनावे, रीति-रिवाज, सामाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक वैविध्य सबका मखौल उड़ाया। फिर भी अंग्रेजों के सामने भारतीय डटे रहे। 1857 से लेकर 1947 तक एक लंबा संघर्ष आजाद होने के लिए चलता रहा, जिसमें लाखों लोगों ने कुर्बानियां दीं। मगर इन लाखों लोगों में आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने एक भी पुरखे का नाम नहीं बता पाता है। नरेन्द्र मोदी नहीं बता सकते कि वे जिस विचारधारा की राजनीति करते हैं, उसके प्रणेताओं का आजादी की लड़ाई में क्या योगदान है। यही वह हीन ग्रंथि है, जो उन्हें सत्ता के शीर्ष पर होने के बावजूद बेचैन रखे हुई है। और ये बेचैनी तब और बढ़ जाती है, जब याद दिलाया जाता है कि नेहरू खानदान ने देश



को आजाद कराने के लिए कितना योगदान और कुबार्नी दी। और जब आजाद लेकिन बेहद कमजोर हो चुके देश को बतौर प्रधानमंत्री नेहरूजी ने संभाला तो कितनी जल्दी उसे विकासशील देशों की कतार में खड़ा कर दिया।

पिछले 11 सालों से नरेन्द्र मोदी नेहरू जी को कमतर दिखाने की कोशिश में लगे हैं और उनसे पहले ये काम संघ के लोग करते चले आ रहे हैं। लेकिन किसी भी तरह उन्हें सफलता नहीं मिल रही। ऊपर से लोग सवाल और कर देते हैं कि बताओ जब अंग्रेज स्वाधीनता सेनानियों पर अत्याचार कर रहे थे, तो आपके पुरखे उनका साथ क्यों दे रहे थे। भारत छोड़ो आंदोलन में अंग्रेजों की मदद क्यों कर रहे थे। जब देश के लिए जेल जाते वक्त लोग इंकलाब जिंदाबाद और वंदे मातरम् के नारे लगाते थे, तब आपके पुरखे कहां छिप कर बैठे थे। इन सवालों का कोई जवाब जब नरेन्द्र मोदी नहीं तलाश पाए तो उन्होंने वंदे मातरम् के डेढ़ सौ साल पूरे होने पर संसद में चर्चा कराने का दांव चला। मोदी को लगा होगा कि कम से कम इस तरह वे इतिहास में अपना नाम दर्ज करा पाएंगे कि एक प्रधानमंत्री ऐसा भी हुआ जिसने सारे जरूरी मुद्दों को छोड़कर राष्ट्रगीत पर चर्चा कराकर अपनी देशभक्ति दिखाई। लेकिन हाय रे किस्मत, नरेन्द्र मोदी यहां भी मात खा गए।

उन्हें क्या पता था कि जिन जरूरी मुद्दों पर चर्चा से बचना था, वो वंदेमातरम् पर चर्चा के साथ ही उठ जाएंगे। वंदे मातरम् पर 10 घंटों की चर्चा में मोदी के भाषण समेत भाजपा के तमाम नेताओं के भाषणों में नेहरू से कमतर होने की कुंठा नजर आई। इनके लिए मल्लिकार्जुन खड़गे ने संसद में कहा भी कि नेहरूजी का कद ऊंचा है और ऊंचा ही रहेगा। और आप नीचे हैं, नीचे ही रहेंगे। अब भाजपा के लोग इस बात का भला-बुरा मानते रहें, लेकिन सच्चाई तो वो झुठला नहीं सकते। रहा सवाल वंदे मातरम् का, तो उस पर प्रियंका गांधी ने बखूबी जवाब दिया है कि मोदीजी ने ये तो कहा कि एक अधिवेशन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने वंदेमातरम् का गान किया था, लेकिन वे ये नहीं कह पाए कि वो अधिवेशन कांग्रेस का था। प्रियंका ने पूछा कि कांग्रेस अधिवेशनों में तो हमेशा वंदे मातरम् गाया जाता है, संघ या भाजपा के कार्यक्रमों में ऐसा क्यों नहीं होता।

इसी तरह मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम तो शुरू से वंदे मातरम् बोल रहे हैं और आगे भी कहेंगे, लेकिन आप लोगों ने ऐसा क्यों नहीं किया। विपक्ष की तरफ से तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोईत्रा और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने भी जबरदस्त भाषण दिए। महुआ मोईत्रा ने वंदे मातरम् के अंतरों की व्याख्या करके मोदी सरकार का सच से साक्षात्कार करवा दिया। उन्होंने कहा कि जिस 'मां' को हम प्रणाम करते हैं, सत्ता ने उसे नारे में बदल दिया है। सुजलाम, सुफलाम का मतलब समझाते हुए महुआ मोइत्रा ने कहा कि जिस 'धरा' को शस्य-श्यामला कहा, उसका किसान कर्ज और सूखे में टूट रहा है। जिस 'जल' को जीवन माना, उसी जल पर ठेके और कंपनियां कब्जा कर रही हैं। मलयज शीतलाम, यानी ठंडी, सुखद हवा आज नहीं बची है, दिल्ली प्रदूषण में हांफ रही है। सुखदाम, वरदाम यानी सुख और वरदान देने वाली मां के बच्चे आज दम तोड़ रहे हैं। महुआ मोईत्रा ने यहां कई बीएलओ की मौत का जिक्र किया, जो एसआईआर के काम में लगे थे, लेकिन उनकी अकाल मौत हुई और सरकार इस पर कुछ नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता सिर्फ नारा बचा रही है, भूमि की पीड़ा नहीं। वंदे मातरम् सिर्फ गीत नहीं, चेतना है। और चेतना को घायल कर गीत का जाप करने से देशभक्ति नहीं बचती।

वहीं संजय सिंह ने भगत सिंह जैसे अमर शहीदों का जिक्र कर भाजपा से पूछा कि संघ के चार लोगों के नाम बता दो जो वंदे मातरम् कहते हुए जेल चले गए या फांसी के तख्ते को चूम लिया।

कुल मिलाकर वंदे मातरम् पर चर्चा करवाकर मोदी जो सियासी लाभ हासिल करना चाहते थे, वह और बड़ा नुकसान करवा गया। बस अच्छी बात यह हुई कि संसद के जरिए देश एक बार फिर आजादी के इतिहास की गलियों में घूम आया।

इस इतिहास में ये बात भी दर्ज है कि कांग्रेस ने जिस सांप्रदायिक नजरिए को दूर रखने के लिए वंदेमातरम् के केवल पहले दो अंतरों को राष्ट्रगीत के रूप में स्वीकार किया, शहीदे आजम भगत सिंह के विचार भी वही थे। क्रांतिकारी व लेखक यशपाल ने सिंहावलोकन में लिखा है कि भगत सिंह ने नौजवान भारत सभा में तय किया था कि धर्मनिरपेक्षता को दशार्ने के लिए अल्लाहू अकबर, सत श्री अकाल और वंदेमातरम् के नारे न लगाकर इंकलाब जिंदाबाद और हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए जाएंगे। तो अब क्या मोदी भगत सिंह और उनके साथियों की देशभक्ति पर भी सवाल उठाएंगे। वैसे इतिहास को पढ़ने, जानने और समझने वाले ये बात जानते हैं कि वंदे मातरम्, जयहिंद और इंकलाब-जिंदाबाद यही तीन नारे स्वाधीनता आंदोलन में गूंजा करते थे। इनके अलावा डॉ. अल्लामा इकबाल की अमर रचना सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा भी कौमी तराना माना जाता था। आज भी स्वाधीनता दिवस और गणतंत्र दिवस पर यह गाया जाता है। इसकी धुन प्रख्यात सितारवादक पंडित रविशंकर ने तैयार की थी। मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना जैसी पंक्ति लिखने वाले और हिंदू और मुस्लिम को एक चेहरे पर दो सुंदर आंखें कहने वाले इकबाल खुद पाकिस्तान चले गए। लेकिन इससे सारे जहां से अच्छा का महत्व कम नहीं हो जाता।

वंदे मातरम् तो कांग्रेस की सभाओं गाया जाता था। वहीं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की आजाद हिंद फौज के लिए जयहिंद नारा गढ़ा गया। नेताजी ने जब आजाद हिंद फौज का गठन किया, तो उनके अपने फौजी जवानों के अभिवादन के लिए किसी शब्द की जरूरत महसूस हुई। नेताजी के सचिव आबिद हसन सफरानी ने तब जयहिंद का नारा गढ़ा। 1946 में एक चुनावी सभा में पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जनता से जयहिंद का उद्घोष करने का आह्वान किया था। 15 अगस्त 1947 को भी अपने ऐतिहासिक भाषण का समापन पं.नेहरू ने जयहिंद के उद्घोष से किया था। यह ऐतिहासिक तथ्य है।

वहीं भगत सिंह और उनके साथी इंकलाब जिंदाबाद कहते थे। यह नारा रूसी क्रांति से प्रेरित था। रूसी लेखक मक्सिम गोर्की के ऐतिहासिक उपन्यास मां का नायक पावेल अदालत को मंच बनाकर अपनी क्रांतिकारी विचारधारा को लोगों तक पहुंचाता है। समझा जाता है कि इसी से प्रेरित होकर भगत सिंह और बटुकेश्वरदत्त ने पब्लिक सेफ्टी बिल

# सोशल मीडिया का बढ़ता वर्चस्व और खोता हुआ बचपन

**-: ललित गर्ग:-**

**पिछले** एक दशक में जिस सोशल मीडिया को आधुनिकता की उपलब्धि, अभिव्यक्ति की आजादी और वैश्विक संपर्क का सबसे बड़ा माध्यम माना गया था, उसी सोशल मीडिया ने अब अपने छिपे डरावने एवं वीभत्स चेहरे दिखाने शुरू कर दिए हैं। पश्चिमी देश, जो कल तक इसके गुणगान करते नहीं थकते थे, अब उसके दुष्परिणामों से भयभीत होने लगे हैं। यह भय यूं ही नहीं है- अनेक देशों में बच्चों की आत्महत्याओं, हिंसक व्यवहार, मानसिक विकारों, नशे जैसे डिजिटल व्यसनों और सामाजिक विकृतियों के बढ़ते आंकड़ों ने सोशल मीडिया की वास्तविकता का पदार्फाश किया है। इसी पृष्ठभूमि में आस्ट्रेलिया की सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाकर विश्व-समुदाय को चेताया भी है और झकझोर भी दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया कंपनियों से वह अधिकार वापस ले लिए हैं, जिनके दुरुपयोग ने बच्चों के जीवन और अभिभावकों की मानसिक शांति को संकट में डाल दिया था। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सुधार बच्चों को ह्वबचपन जीने का अधिकारह्ल लौटाने के लिए है- उन जिंदगियों को नया मोड़ देने के लिए है जो सोशल मीडिया ने समय से पहले वयस्कता, अस्वस्थता, तनाव और विकृतियों में धकेल दी थीं। इतना ही नहीं, 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के अकाउंट नहीं हटाने पर लगभग पाँच करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक का जुमार्ना लगाने का प्रावधान देश का रुख साफ करता है कि अब बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पहल के बाद पश्चिमी जगत में सुगबुगाहट बढ़ी है। ब्रिटेन से लेकर अमेरिका तक सवाल उठ रहे हैं कि यदि ऑस्ट्रेलिया यह साहस दिखा सकता है तो वे क्यों नहीं? यह सुगबुगाहट केवल सरकारों में ही नहीं है-उन अभिभावकों में भी है जिन्होंने सोशल मीडिया को अपने बच्चों की आत्महत्या, अवसाद और चरित्र-भंग का मूल कारण मानना शुरू कर दिया है। वास्तव में, इस संकट की शुरूआत तब हुई जब सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्मों ने बच्चों को आकर्षित करने के लिए ऐसे एल्गोरिद्म बनाए, जो उनका अधिकतम समय खाएं, उनकी जिज्ञासाओं को उकसाएं और उनके भीतर छिपी संवेदनशीलता का दोहन




करके उन्हें सोशल मीडिया निर्भरता की स्थिति तक ले जाएं। इन प्लेटफॉर्मों पर वयस्क सामग्री, द्विअर्थी वीडियोज, हिंसक गेम्स, ह्वलाइक-फॉलोअरह्ल जैसे डिजिटल भ्रमों का ऐसा सैलाब है जिसने बच्चों की मनोवैज्ञानिक संरचना को गहरी चोट पहुंचाई है। नतीजा यह है कि आज बच्चे समय से पहले वयस्क हो रहे हैं-शरीर से नहीं, मानसिकता से। भारतीय परिवार-व्यवस्था, संस्कार और मूल्य-व्यवस्था इस संकट की चपेट में और तेजी से आए हैं। पहले जहां बच्चे माता-पिता, शिक्षक और संस्कारों से सीखते थे, आज वे ह्वरील्सह्ल और ह्वशॉर्ट वीडियोजह्ल एवं अश्लील सामग्री से सीख रहे हैं। जो सामग्री उनके सामने आ रही है, वह न भारतीय चरित्र से मेल खाती है न जीवन-मूल्यों से। निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा तैयार ये सामग्री बच्चों के मन में गलत आदर्श, गलत नायक और गलत आकांक्षाएं भर रही है। सवाल यह है कि क्या बच्चे स्वयं सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, या सोशल मीडिया उन्हें एक सुनियोजित तरीके से अपनी गिरफ्त में ले रहा है? सच्चाई का उत्तर दूसरा है। इन प्लेटफॉर्मों पर अमर्यादित सामग्री की भरमार है-जिसे देखकर किशोरों में अपराधी प्रवृत्तियों की ओर उन्मुखता बढ़ रही है। ब्रह्मचर्य, संयम, अनुशासन और चरित्र जैसे भारतीय मूल्य हाशिये पर जा रहे हैं। इसके साथ-साथ एक गंभीर स्वास्थ्य-संकट जन्म ले रहा है। घंटों मोबाइल पकड़े बैठने से बच्चे शारीरिक सक्रियता से दूर हो रहे हैं। मोटापा, नींद की कमी, सिरदर्द, रीढ़ संबंधी विकार और यहां तक कि किशोरावस्था में मधुमेह जैसे रोगों के मामले बढ़ रहे हैं।

मानसिक रूप से स्थिति और भी भयावह है। लगातार स्क्रॉल करने की आदत बच्चों की एकाग्रता को चकनाचूर कर रही है। शिक्षा पर इसका सीधा दुष्प्रभाव दिखाई दे रहा है। जो बच्चे घंटों कल्पना-लोक में विचरण करते हैं, वे वास्तविकताओं से जूझते समय टूटने-बिखरने लगते हैं। उनकी सहनशक्ति कम हो रही है, आत्मविश्वास टूट रहा है, और असफलताओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ रही है-जो कई बार आत्महत्या जैसी भयावह प्रवृत्तियों को जन्म देती है। भारत भी इस संकट से अछूता नहीं है। ऑनलाइन बुलिंग, ऑनलाइन ठगी, व्यभिचार से जुड़ी सामग्री, गुमराह करने वाले ह्वइन्फ्लुएंसरह्ल, फर्जी पहचान, ऑनलाइन हिंसा और डिजिटल व्यसन के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कई बार बच्चे अपराधों में नहीं, बल्कि अपराधों के शिकार के रूप में फंसते हैं-लेकिन उन्हें बचाने वाला कोई नहीं दिखता। सोशल मीडिया कंपनियों का रवैया लापरवाह रहा है, क्योंकि उनका लक्ष्य बच्चों की सुरक्षा नहीं, बच्चों का उपयोग करके मुनाफा कमाना है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत में भी ऑस्ट्रेलिया जैसे कठोर कदम उठाए जाने चाहिए? उत्तर है-बिल्कुल होना चाहिए। और वह भी तुरंत। भारत की जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा किशोरों और युवाओं का है। यदि यह पीढ़ी सोशल मीडिया के अंधाधुंध प्रभाव में ढल गई, तो भविष्य में हमें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत की वह पहचान, जहां दुनिया भर में भारतीय प्रतिभा, अनुशासन और बुद्धिमत्ता की मिसाल दी जाती थी, वह धूमिल पड़ने लगेगी। यह संकट केवल सरकार का नहीं है-यह समाज, विद्यालयों, अभिभावकों और मीडिया-संस्थानों का संयुक्त संकट है। अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल देना उनकी ह्वमांगह्ल समझ में आता है, लेकिन उनको दिशा देना उनका कर्तव्य है। विद्यालयों को बच्चों को डिजिटल शिष्टाचार, डिजिटल योग्यता और डिजिटल अनुशासन के बारे में शिक्षित करना चाहिए। सरकार को सामाजिक जिम्मेदारी के साथ ऐसे नियम बनाने चाहिए।

# संजय गांधी जिंदा होते तो देश बहुत आगे बढ़ गया होता : वरुण गांधी

## युवाओं ने संजय गांधी की समाधि में पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि





**अखंड भारत संदेश**

**बाँदा।** युवा नेता स्वर्गीय संजय गांधी की 79वीं जन्म जयंती पर नई दिल्ली के राजघाट स्थित शांतिवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के युवाओं ने प्रतिभाग किया। इसमें बाँदा व बुन्देलखण्ड के युवा भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और स्व. संजय गांधी की समाधिक स्थल जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक सभा में शामिल हुए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी व युवा हृदय सम्राट वरुण गांधी भी मौजूद रहे, सभी युवाओं ने उनसे भेंट भी की।

रविवार को दिल्ली के राजघाट स्थित शांतिवन में आयोजित स्व. संजय गांधी के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बाँदा से समाजसेवी बसंत गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने भागीदारी की और स्व. संजय गांधी की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान समाजसेवी श्री गुप्ता ने बताया कि युवा हृदय सम्राट वरुण गांधी के ओजस्वी विचारो को सुनने का मौका मिला, जिसमें उन्होंने अपने पिता स्व. संजय गांधी की नीतियों व देश हित में किए गए कार्यों को विस्तार से बताया। कहा कि सभी युवाओं ने परिवार के सदस्य की तरह उपस्थित होकर अपना स्नेह जो दिया है। उससे हमारे परिवार को बल मिला है। उन्होंने सभी के प्रति आभार भी व्यक्त किया है। ज्ञात रहे बसंत गुप्ता वरुण गांधी से पिछले कई सालो से जुड़े हैं। उनका मानना है कि कार्यक्रम में शामिल होकर पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी एवं वरुण गांधी का आत्मिक स्नेह प्राप्त हुआ है। श्रद्धांजलि सभा में वरुण गांधी ने बताया कि यदि स्वर्गीय संजय गांधी जी होते तो देश बहुत आगे बढ़ चुका होता, क्योकि वह कुशल नेतृत्व क्षमता के स्पष्टवादी नेता थे और देश में भ्रष्टाचार खत्म हो गया होता। श्रद्धांजलि सभा में बाँदा से बसंत कुमार गुप्ता के अलावा मोहनीश, यशोवर्धन सिंह, अमित गुप्ता, उरई से सूरज पाण्डेय सूर्या, कमलाकांत, सतीश वर्मा सहित बड़ी सख्या में लोग उपस्थित रहे।



## बीबीएस ग्रुप ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में आने के लिए किया आमंत्रित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** धर्मनगरी के सीतापुर स्थित सेठ राधाकृष्णन पोद्दार इण्टर कॉलिज में सोमवार को गोष्ठी का आयोजन कर विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सरकार द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी दी गई।

गोष्ठी में बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन प्रयागराज के काउंसलर एसपी पाल कथा संदीप सिंह ने विद्याथिर्यों तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने तथा रोजगार परक शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उच्च शिक्षा में सरकार द्वारा दी जाने वाली शुल्क प्रतिपूर्ति एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। विद्याथिर्यों को 12वीं के बाद रोजगार परख कोर्स करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में प्रदान किए जाने वाले ग्रेजुएट कोर्स इंजीनियरिंग, फार्मेसी, मैनेजमेंट, लॉ, बीसीए, बीबीए, डी फार्मा, बी फार्मा आदि की जानकारी दी गई। साथ ही वर्ष 2002 में स्थापित संस्थान की अभी तक की उपलब्धियों की जानकारी दी। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजीव पाठक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।



## राष्ट्र निर्माण की फैक्ट्री है विद्यार्थी परिषद : डॉ आलोक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट इण्टर कॉलिज में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा विद्याथिर्यों की शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इस हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्याथिर्यों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। जिसमें डॉ आलोक पांडेय ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और राष्ट्रभाव का विकास आवश्यक है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्र निर्माण की फक्ट्री है। वक्ता शिवम पांडेय ने कहा कि विद्यार्थी ही समाज के वास्तविक परिवर्तनकर्ता हैं और उनकी प्रतिभा को मंच देना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन आनंद जायसवाल ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ रणवीर चौहान, फूलचंद्र चंद्रवंशी, जिला संगठन मंत्री संकल्प कुशवाहा, इकाई अध्यक्ष रवि तोमर, कमल शुक्ला, अंशु यादव, शानू त्रिपाठी, आदित्य तोमर, आयुष गुप्ता, असद हसन हसन, रंजीत आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराया गया 308 जोड़ों की शादी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** धर्मनगरी स्थित राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में सोमवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 308 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र व गृहस्थी की सामग्री प्रदान की गई।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में हिंदू, मुस्लिम व बौद्ध धर्म के अनुसार विवाह सम्पन्न कराया जा रहा है। बताया कि इस योजना के अंतर्गत शासन द्वारा एक लाख रुपए प्रति जोड़ा व्यय के लिए दिया जाता है, जिसमें



दांपत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में 60 हजार रुपए प्रति जोड़ा, विवाह समारोह आयोजन पर 15 हजार रुपए तथा 25 हजार रुपए में जेवर, कपड़े व गृहस्थी का सामान प्रदान किया जाता है। साथ ही एक जनपद एक उत्पाद के तहत रोटी रखने के लिए लकड़ी का केश रोल प्रति भी दिया जाता है। कार्यक्रम में मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों को ओडीओपी के अंतर्गत लकड़ी की गणेश प्रतिमा भेंट की गई। साथ ही मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए श्रीअन्न योजना के अंतर्गत सांवां की खीर भी बनवाई गई। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने वैवाहिक जोड़ो को जयमाला के दौरान पुष्प वर्षा कर हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा प्रमाण पत्र व अन्य सामग्री भी प्रदान की। हनुमानगढ़ी के आचार्य गिरीशदास तिवारी की टीम द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह कार्यक्रम को संपन्न कराया गया। जिसमें हिन्दू रीति रिवाज के अंतर्गत 307 जोड़ों व मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार एक जोड़े का विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकीय जिला पुस्तकालय के प्रभारी प्रदीप नारायण शुक्ला द्वारा किया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा पंजीकृत दल मां भगवती संगीत पार्टी द्वारा भी विवाह के कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, दीन दयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी डी एन पांडेय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिओम करवरिया, भाजपा महामंत्री अश्वनी अवस्थी, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, साधना सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव, डीसी एनआरएलएन ओमप्रकाश मिश्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी तथा वर-वधु के परिवारिक जन मौजूद रहे।

# आठवें वेतन आयोग से वंचित किए जाने के विरोध में पेंशनर्स एसोसिएशन ने दिया धरना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आठवें वेतन आयोग से वंचित किए जाने के विरोध में पेंशनर्स एसोसिएशन ने सोमवार को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया।

धरने की अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग का लाभ न दिए जाने के विरोध में आज यह धरना दिया जा रहा है। सभी साथी एकजुट होकर



इस लड़ाई को लड़ेंगे। सरकार द्वारा पेंशनर्स की उपेक्षा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजकरण सिंह ने कहा कि सरकार पेंशनर्स के साथ अन्याय कर रही है। जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। चैन प्रसाद ने कहा कि सरकार के इस निणर्य का विरोध करने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा। छोटेलाल गुप्ता ने कहा कि एकता ही कर्मचारियों की शक्ति है। ऐसे में संगठन द्वारा बुलाए जाने पर सभी लोग कार्यक्रम में उपस्थित हो और संगठन को मजबूत करें।महामंत्री मोतीलाल सिंट पटेल ने कहा कि संगठन की सभी मांगे जायज है। कार्यवाहक अध्यक्ष जगबली सिंह ने कहा कि संगठन ने सरकार से तीन मांगे रखी हैं और यह सर्वथा उचित हैं। हनुमान प्रसाद शुक्ल व सूर्यकांत द्विवेदी ने कहा कि उन लोगों को उम्मीद है कि सरकार इन मांगों को पूरा करेगी। इस दौरान माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र मिश्रा, श्यामलाल, प्रताप नारायण श्रीवास्तव, राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किए। धरने के बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। इस मौके पर प्रदुम्न सिंह, राजनेत, मुनेश प्रसाद, अश्वनी कुमार, श्रीकृष्ण पाण्डेय, रामआसरे श्रीवास्तव, बाबूलाल श्रीवास, मान सिंह, सभापति पाण्डेय, अरविन्द सिंह, अमर सिंह, अवधेश सिंह, कामता प्रसाद पाण्डेय, त्रियुगी नारायण, अखिलेश कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## प्लांट से कॉपर वायर चोरी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना राजापुर पुलिस टीम ने सोलर प्लांट से कॉपर वायर चोरी करने वाले पांच आरोपियों को चोरी के दो बोरो में कॉपर वायर, घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा पिकअप, मोटरसाइकिल व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि बीते शुक्रवार को मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के डोलरिया थाना के रतवाडा निवासी दीप सिंह राजपूत पुत्र नैन सिंह राजपूत द्वारा थाना राजापुर में सूचना दी गयी कि वह अडानी सोलर एनर्जी चित्रकूट वन लिमिटेड ग्राम छीबो में प्लांट हेड वरिष्ठ प्रबन्धक के पद पर कार्यरत है। बताया कि बीते गुरुवार को प्लांट से नहर की तरफ जाने वाली 25 मेगावाट की 200 मी. कॉपर वायर ब्लाक नम्बर एक से काट कर चोरी कर ली गई है। बताया कि इससे पूर्व भी प्लांट में चोरी की वारदाते हो चुकी है। इस सूचना पर थाना राजापुर में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके क्रम में थाना राजापुर के उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, आरक्षी लवकुश यादव, राहुल यादव, विमलेश कुमार द्वारा सोमवार को छीबो नहर पुलिया सडक के किनारे से पिकअप व मोटर साइकिल के साथ पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम कमलचन्द्र वर्मा उर्फ अंगूरे निवासी खपटिहा थाना खीरी जनपद प्रयागराज, मोहम्मद हुसैन उर्फ विष्णु निवासी मिश्रापुर एनटीपीसी थाना शंकरगढ जनपद प्रयागराज, धर्मेन्द्र आदिवासी निवासी टौंगा पोसेला थाना खीरी जनपद प्रयागराज, विनोद कुमार मौर्य उर्फ मंगा निवासी ग्राम डिहार थाना खीरी जनपद प्रयागराज व कुंज बिहारी साहू निवासी खपटिहा थाना खीरी जनपद प्रयागराज हाल निवासी मार्केट चौकी व कस्बा नारीबारी थाना शंकरगढ जनपद प्रयागराज बताया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि उन लोगों ने ग्राम छीबो स्थित सोलर प्लांट से कई बार तार काटकर चोरी किया है। आरोपियों के कब्जे से दो बोरो में कॉपर वायर, घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा पिकअप, मोटरसाइकिल व अन्य सामान किया गया।

# राजकीय पॉलिटेनिक बरगढ़ में हुआ क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बरगढ़ स्थित राजकीय पॉलिटेनिक में सोमवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रा अंजली यादव ने सरस्वती वंदना व जया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा छात्रा अदिति पटेल एवं खुशी पाण्डेय ने नृत्य प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद हुई खेलकूद प्रतियागताओं में विद्याथिर्यों ने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।प्रधानाचार्य एस.के. वैश्य ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए छात्रा वर्ग में दो हाउस कल्पना हाउस और लक्ष्मी हाउस में बांटा गया, जबकि छात्र वर्ग को विश्वासरैया हाउस, विवेकानंद हाउस, कलाम हाउस व भाभा हाउस में विभक्त कर प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रतियोगिताओं की शुरुआत के दौरान छात्रों द्वारा मार्च पास्ट किया गया, जिसका नेतृत्व छात्र वर्ग के जनरल कैप्टन आकाश सिंह एवं छात्रा वर्ग की जनरल कैप्टन वर्षा सिंह ने किया। दोनों कप्तान द्वारा प्रज्ज्वलित मसाल लेकर फील्ड का भ्रमण किया। तीन दिन चलने वाली प्रतियोगिताओं में अंतिम दिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रातः 11:00 बजे से और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दोपहर 2:00 बजे आयोजित किया जाएगा। सोमवार को हुई प्रतियोगिताओं में छात्र वर्ग में जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान सचिन आदिवासी, द्वितीय स्थान आदर्श भारती और तृतीय स्थान अभिषेक यादव ने प्राप्त किया। बालिका वर्ग के 200 मी दौड़ में अंजली यादव ने प्रथम, कृष्णा ने द्वितीय एवं ऋचा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में अंजली यादव ने प्रथम, ऋचा ने द्वितीय एवं कृष्णा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में अंजली यादव ने प्रथम व पूजा देवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चेस में प्रियंका ने प्रथम एवं रश्मि केशरवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में कल्पना हाउस एवं बालक वर्ग में भाभा हाउस ने प्रथम स्थान पाकर अपना परचम लहराया। खेलकूद के उद्घाटन समारोह मे मंच का संचालन डॉ प्रियंका मौर्या द्वारा किया गया। इस मौके पर क्रीड़ाधिकारी शुभम श्रीवास्तव, राणा सूर्य देव, सिविल इंजीनियरिंग अध्यक्ष अनंत प्रकाश, स्वाती खटनानी, व्याख्याता संजीव सिंह, प्रियंका भारद्वाज, देवाशीष दीपेंद्र मिश्रा, अनुपम सिंह, सचिन कुमार गुप्ता, अमित कुमार शुक्ला, सुधांशु सिंह, सचिन कुमार मौर्य, आदित्य कुमार सिंह, पवन कुमार, उर्वशी कश्यप, आकांक्षा श्रीवास्तव, उमा शुक्ला, ज्योति, प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



# चीन ने तो पाकिस्तान के खात्मे का ही प्लान बना दिया! ग्वादर रेललाइन होगी ताबूत में आखिरी कील

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की बबार्दी में अब ताबूत की आखिरी कील क्या लगने ही वाली है? यह आखिरी कील भारत या अफगानिस्तान नहीं खुद पाकिस्तान ठोकेगा। पाकिस्तान पर भीख में कुछ रुपए फेंक कर चीन पाकिस्तान के हर मिनरल का दोहन कर रहा है। पाकिस्तान की सरकार और पाकिस्तान की फौज जिनपिंग की कठपुतली बनकर नाच रहे हैं और खैरात में भ्रष्टाचार के कुछ पैसे पाकर मगन है। लेकिन बलोचों और पश्तनु को यह कबूल नहीं है कि उनके हक का संसाधन कोई दूसरा देश ले जाए और उनको एक आना भी नसीब ना हो। उनको कोई नौकरी ना मिले। उनका कोई फायदा ना हो। उनके यहां कोई भी प्रोजेक्ट ना पहुंचे। पाकिस्तान से मिनरल लूटने के लिए चीन बड़े-बड़े प्रोजेक्ट बना देता है। लेकिन लोकल जो बलूच हैं उनको एक ढेला नहीं मिलता। पाकिस्तान की चालबाजी बलूच और पश्तून समझ चुके हैं और तभी उसका अंजाम पाकिस्तान गृह युद्ध के तौर पर झेल भी रहा है। लेकिन पाकिस्तान




ने अब फिर से अपनी जमीन का सौदा कर दिया है। वो भी मुफ्त में।

दरअसल ग्वादर के एंड रेल मेन लाइन। वैसे तो ये दोनों परियोजनाएं चीन पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर यानी कि सीपक का पार्ट हैं, हिस्सा हैं। दिसंबर 2025 तक इनका कोई भी बड़ा काम शुरू नहीं हुआ है। अब समझते हैं आपको मेन लाइन वन क्या है? एमएल वन भी इसे कहते हैं। दरअसल ये कराची से पेशावर तक करीब 1700 कि.मी. की एक ऐसी परियोजना है जिसमें ट्रैक को डबल करना है। स्पीड बढ़ानी है रेलवे ट्रैक्स की। पोलों का निर्माण होना है और सिग्नलिंग सिस्टम इसमें शामिल है। ठीक इसी तरह से है ग्वादर केएसए रेल कॉरिडोर। हालांकि सीधी रेल लाइन नहीं है क्योंकि ग्वादर और सऊदी अरब के बीच समंदर पड़ता है। बल्कि गवादर पोर्ट को एमएल वन और राष्ट्रीय नेटवर्क से जोड़कर खाड़ी व्यापार के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने की पूरी योजना है।

ये पाकिस्तान के गवादर पोर्ट को सऊदी अरब के साथ जोड़ने के मकसद से तैयार की गई है। यानी कि पूरा फायदा जो है वो गल्फ तक पहुंचे। यह कोशिश की जा रही है। तनावग्रस्त हजारों किलोमीटर रेलवे की सुरक्षा पाकिस्तान में कोई कर ही नहीं सकता है। आपने देखा होगा जब मन करता है तब बलोच कभी पटरी उखाड़ देते हैं, कभी बॉम्ब सेट कर देते हैं और जब उनका मन होता है सुबह उठकर वो जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लेते हैं। इससे लागत और सुरक्षा जोखिम पाकिस्तान में बहुत बढ़ जाएगा। दूसरी तरफ है बड़े विदेशी लोन। जो खैरात में पाकिस्तान को मिलते जरूर हैं।

# बंटवारे के बाद पहली बार पाकिस्तान में पढ़ाई जाएगी संस्कृत, महाभारत-गीता के श्लोकों का अध्ययन

**पाकिस्तान**

**विभाजन** के बाद पहली बार, संस्कृत पाकिस्तानी कक्षाओं में वापसी कर रही है। लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (एलयूएमएस) ने कथित तौर पर इस शास्त्रीय भाषा में चार क्रेडिट का पाठ्यक्रम शुरू किया है, जो देश में संस्कृत अध्ययन को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक दुर्लभ संस्थागत प्रयास का संकेत है। संस्कृत पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का श्रेय काफी हद तक फोरमैन क्रिश्चियन कॉलेज में समाजशास्त्र के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शाहिद रशीद के प्रयासों को जाता है, जिन्होंने इस भाषा का अध्ययन करने में कई वर्ष बिताए हैं। डॉ. रशीद ने द ट्रिब्यून को बताया, शास्त्रीय भाषाओं में मानव जाति के लिए अपार ज्ञान समाहित है। मैंने अरबी और फारसी सीखने




से शुरूआत की और फिर संस्कृत का अध्ययन कियाह्व उन्होंने आगे कहा कि उनकी अधिकांश शिक्षा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से हुई। उन्होंने कहा कि शास्त्रीय संस्कृत व्याकरण को पूरा करने में लगभग एक साल लग गया। और मैं अभी भी इसका अध्ययन कर रहा हूँ। तीन महीने की सप्ताहांत कार्यशाला से विकसित इस पाठ्यक्रम ने छात्रों और विद्वानों के बीच काफी रुचि जगाई।

लुईएमएस के गुरमणि केंद्र के निदेशक डॉ. अली उस्मान कास्मी ने कहा कि पाकिस्तान के पास इस क्षेत्र में सबसे समृद्ध लेकिन सबसे कम खोजे गए संस्कृत संग्रहों में से एक है। द ट्रिब्यून से बात करते हुए, उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय पुस्तकालय के ताड़ के पत्तों पर लिखे पांडुलिपियों के विशाल संग्रह की ओर इशारा किया।

# टूट जाएगा कार्यकाल समाप्त होने से पहले उड़ान भरने का सपना?

## वायु सेना-वन पर आया ये अपडेट सुन ट्रंप गुस्से से लाल हो उठेंगे



**अमेरिका**

**अमेरिकी** वायु सेना ने कहा कि बोइंग द्वारा निर्मित दो नए एयर फोर्स वन जेट विमानों में से पहले की डिलीवरी में एक और वर्ष की देरी हुई है और अब यह 2028 में प्राप्त होगी। ताजा अपडेट आने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के और अधिक नाराज होने की आशंका है। ट्रंप नेकहा था कि वे जनवरी 2029 में अपना कार्यकाल समाप्त होने से पहले इन नए विमानों में उड़ान भरना चाहते हैं। बोइंग द्वारा दो नए जेट विमानों के निर्माण के लिए वर्तमान में 5 अरब डॉलर से अधिक की लागत आ रही है। मौजूदा एयर फोर्स वन विमानों ने 1990 में सेवा में प्रवेश किया था। एयर फोर्स वन कार्यक्रम, जिसमें दो 747-8 विमानों को उन्नत संचार और रक्षा प्रणालियों से लैस विशेष जेट में परिवर्तित करना शामिल है ताकि वे अमेरिकी राष्ट्रपति के हवाई परिवहन की अगली पीढ़ी के रूप में काम कर सकें, निर्धारित समय से चार साल पीछे चल रहा है और इसकी डिलीवरी 2028 में होनी है।

बोइंग ने एक बयान में कहा कि वह इस कार्यक्रम में प्रगति कर रहा है। "हमारा ध्यान देश के लिए दो असाधारण वायु सेना-वन विमान तैयार करने पर केंद्रित है।

बोइंग को 2018 में वायु सेना-वन के रूप में उपयोग के लिए दो विमानों के निर्माण का 3.9 अरब डॉलर का अनुबंध मिला था, हालांकि तब से लागत बढ़ गई है। बोइंग ने इस परियोजना से होने वाली आय में से 2.4 अरब डॉलर का नुकसान दर्ज किया है। मई में संयुक्त राज्य अमेरिका ने कतर से एक आलीशान बोइंग 747 जेटलाइनर उपहार के रूप में स्वीकार किया। व्हाइट हाउस ने वायु सेना को इस उपहार को एयर फोर्स वन के रूप में उपयोग करने के लिए शीघ्रता से अपग्रेड करने का निर्देश दिया।

सरकार ने कतर से प्राप्त 747 के नवीनीकरण के लिए रक्षा ठेकेदार एल3हैरिस टेक्नोलॉजीज को नियुक्त किया। ट्रम्प ने इस वर्ष की शुरूआत में बोइंग द्वारा की गई देरी पर अपनी नाराजगी व्यक्त की, लेकिन यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एयरबस को विकल्प के रूप में खारिज कर दिया।

लगभग उसी समय, बोइंग के सीईओ केली ऑर्टबर्ग ने कहा कि ट्रम्प के सलाहकार एलोन मस्क राष्ट्रपति के जेट की डिलीवरी में हमारी बहुत मदद कर रहे हैं।

# व्हाइट हाउस बॉलरूम प्रोजेक्ट पर छाया कानूनी संकट

**अमेरिका**

**अमेरिकी** कांग्रेस द्वारा ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण का दायित्व सौंपे गए एक गैर-लाभकारी संगठन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नए बॉलरूम के निर्माण को रोकने के लिए व्हाइट हाउस पर मुकदमा दायर किया है। नेशनल ट्रस्ट फॉर हिस्टोरिक प्रिजर्वेशन ने शुक्रवार को यह मुकदमा दायर करते हुए तर्क दिया कि व्हाइट हाउस ने अक्टूबर में ऐतिहासिक ईस्ट विंग को ध्वस्त करने से पहले आवश्यक समीक्षा नहीं करवाई थी। मुकदमे में कहा गया है कि किसी भी राष्ट्रपति को बिना किसी समीक्षा के व्हाइट हाउस के किसी भी हिस्से को ध्वस्त करने की कानूनी अनुमति नहीं है। चाहे वो राष्ट्रपति ट्रम्प हो या फिर राष्ट्रपति जो बाइडेन हो। एक बयान के अनुसार, संगठन वाशिंगटन डीसी स्थित एक



संघीय अदालत से व्हाइट हाउस द्वारा कानूनी रूप से अनिवार्य समीक्षा प्रक्रियाओं का पालन करने तक निर्माण कार्य रोकने का अनुरोध कर रहा है।

1949 में कांग्रेस द्वारा स्थापित एक गैर-लाभकारी संगठन, नेशनल ट्रस्ट फॉर हिस्टोरिक प्रिजर्वेशन की अध्यक्ष कैरोल क्विलन ने कहा व्हाइट हाउस निस्संदेह हमारे देश की सबसे प्रभावशाली इमारत है और हमारे शक्तिशाली अमेरिकी आदर्शों का विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रतीक है। इस मुकदमे में कई उल्लंघनों का आरोप लगाया गया है, जिनमें प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय राजधानी योजना आयोग को निर्माण योजना प्रस्तुत करने में विफलता, पर्यावरण मूल्यांकन का अभाव और संघीय पार्क के भीतर निर्माण के लिए कांग्रेस की मंजूरी प्राप्त करने में विफलता शामिल है।

व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को मुकदमे के जवाब में एक बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प को व्हाइट हाउस का आधुनिकीकरण, नवीनीकरण और सौंदर्यीकरण करने का पूरा कानूनी अधिकार है - ठीक वैसे ही जैसे उनके सभी पूर्ववर्तियों को था।

# थाई और कंबोडियाई नेताओं ने संघर्षविराम नवीनीकृत करने पर सहमति जताई

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने कई दिन से जारी घातक झड़पों के बाद संघर्षविराम को नवीनीकृत करने पर सहमति व्यक्त की है। यह समझौता उस संघर्षविराम को बचाने के लिए किया गया है, जिसे अमेरिकी प्रशासन ने इसी साल की शुरूआत में कराने में मदद की थी। ट्रंप ने थाई प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविरकुल और कंबोडियाई



प्रधानमंत्री हुन मानेट के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल हैंडल पर पोस्ट में कहा, दोनों नेता आज शाम से हर तरह की गोलीबारी रोकने और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की सहायता से मेरे साथ हुए मूल शांति समझौते को बहाल करने पर सहमत हो गए हैं।

मूल संघर्षविराम जुलाई में मलेशिया की मध्यस्थता और ट्रंप के दबाव के बाद हुआ था, जिन्होंने व्यापारिक विशेषाधिकार रोकने की धमकी दी थी। हालांकि, पहले हुए समझौते के बावजूद दोनों देशों के बीच सीमा पार छोटी-मोटी हिंसा और तीव्र विरोधी प्रचार जारी था।

# तगड़े धुरंधर निकले पुतिन, पाकिस्तान को कहीं का नहीं छोड़ा



**रूस**

**किसी** शख्स ने कभी कहा था कि दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं। पहले धुरंधर और दूसरे बंदर। यह कहावत अचानक इसलिए याद आ गई क्योंकि पाकिस्तान के कुछ लोग बोल रहे हैं कि धुरंधर फिल्म की स्क्रिप्ट पीएम मोदी ने लिखी है। लेकिन चलिए आप इन लोगों को छोड़िए। हम तो आज बात दुनिया के सबसे तगड़े धुरंधर राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन की करेंगे। पुतिन ने पाकिस्तान को कहीं का नहीं छोड़ा। व्लादमीर पुतिन ने 40 मिनट में पूरे पाकिस्तान की हालत कराची के लियारी जैसी कर दी। यानी पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। पुतिन ने पाकिस्तान के साथ जो किया है उसे देखकर आज पूरा भारत कुछ ऐसा ही करेगा। दरअसल रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अशकाबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शांति और विश्वास मंच की एक बैठक में पाकिस्तान की धज्जियां उड़ा दी। रूस के राष्ट्रपति व्लादमीर पुतिन से मिलने की बेताबी ऐसी थी कि उसने पूरी दुनिया के सामने उन्हें शर्मिंदगीगी का चेहरा बना दिया। दरअसल मामला तुर्कमेनिस्तान की राजधानी अशबाद का है। जहां शांति और विश्वास पर आयोजित एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कई दिग्गज नेता मौजूद थे। शबाज शरीफ को उम्मीद थी कि उनकी पुतिन से मुलाकात होगी। लेकिन हुआ ठीक उल्टा। पुतिन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को करीब 40 मिनट तक इंतजार करा दिया। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि शहबाज शरीफ अपने मंत्रियों के साथ पुतिन का इंतजार कर रहे हैं ।

# कानूनी पेंच में फंसे ट्रंप! 20 राज्यों ने ठोका मुकदमा

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एच1बी वीजा को लेकर अपने घर में ही घिरते नजर आ रहे है। 20 राज्यों ने मुकदमा ठोक दिया है। कैर्लिफोन्रिया की अगुवाई में वीजा फीस बढ़ाने पर ट्रंप का विरोध किया गया है। एच1बी वीजा को लेकर 1 लाख डॉलर के चार्ज के खिलाफ 20 राज्यों ने मुकदमा किया है। राज्यों का तर्क है कि यह नीति गैरकानूनी है और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा सहित आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं के लिए खतरा है। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा, जिनका कार्यालय इस मुकदमे का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास इतनी अधिक फीस



लगाने का अधिकार नहीं है। बोंटा ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा लगाई गई अवैध 100,000 डॉलर की एच-1बी वीजा फीस सार्वजनिक नियोक्ताओं और आवश्यक सेवाओं के प्रदाताओं पर अनावश्यक वित्तीय बोझ डालती है, जिससे श्रम की कमी और बढ़ जाती है।

गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने सितंबर 2025 में यह शुल्क लागू किया, जो 21 सितंबर के बाद दायर किए गए एच-1बी आवेदनों पर लागू होता है। डीएचएस ने सचिव को यह तय करने का अधिकार दिया है कि किन आवेदनों पर यह शुल्क लागू होगा या किन आवेदनों को छूट दी जाएगी। यह नीति अस्पतालों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों और अन्य सार्वजनिक सेवा प्रदाताओं को प्रभावित करती है जो कुशल विदेशी श्रमिकों पर निर्भर हैं। राज्यों का दावा है कि यह शुल्क प्रशासनिक प्रक्रिया अधिनियम और अमेरिकी संविधान का उल्लंघन करता है। ऐतिहासिक रूप से, ल्ह-1इ शुल्क केवल प्रशासनिक लागतों तक सीमित रहा है। उनका तर्क है कि 100,000 डॉलर का शुल्क कांग्रेस द्वारा प्रदत्त अधिकार से अधिक है और उचित नियमन प्रक्रियाओं का उल्लंघन करता है। H-1B कार्यक्रम अमेरिकी नियोक्ताओं को कुशल विदेशी श्रमिकों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। अधिकांश निजी क्षेत्र के वीजा की वार्षिक सीमा 65,000 है, जिसमें उच्च डिग्री धारकों के लिए 20,000 अतिरिक्त वीजा शामिल हैं। सरकारी और गैर-लाभकारी संस्थान, जैसे अस्पताल और स्कूल, आमतौर पर इस सीमा से मुक्त हैं।

राज्यों ने चेतावनी दी है कि यह शुल्क कर्मचारियों की कमी को और बढ़ा देगा। 2024-2025 में, 74% अमेरिकी स्कूल जिलों ने विशेष शिक्षा, विज्ञान, अंग्रेजी भाषा और विदेशी भाषाओं में शिक्षण पदों को भरने में कठिनाई की सूचना दी। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में, 2024 में चिकित्सा और स्वास्थ्य व्यवसायों के लिए लगभग 17,000 H-1B वीजा जारी किए गए, जिनमें से आधे चिकित्सकों और सर्जनों को दिए गए।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# आपने वादा किया था... इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा ने एलन मस्क से मांगी मदद

**पाकिस्तान**

**जेल** में बंद पाकिस्तानी पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क से सार्वजनिक रूप से अपील करते हुए आरोप लगाया है कि यह प्लेटफॉर्म खान की हिरासत और जेल में उनके साथ हो रहे व्यवहार से संबंधित उनकी पोस्ट को जानबूझकर दबा रहा है। मस्क को सीधे संबोधित करते हुए गोल्डस्मिथ ने कहा कि 2022 में पद से हटाए जाने के बाद से खान को 22 महीनों तक राजनीतिक कैदी के रूप में "क्रूर एकांत कारावास" में रखा गया है। गोल्डस्मिथ ने कहा कि उनके दोनों बेटों ने इस दौरान अपने पिता को नहीं देखा है, महीनों से उनसे बात नहीं की है और उन्हें पत्र भेजने से भी रोक दिया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि खान का नाम पाकिस्तानी टेलीविजन और रेडियो से लगभग पूरी तरह मिटा दिया गया है, जिससे एक्स ही एकमात्र स्वतंत्र मंच बचा है जो इस गंभीर अन्याय को उजागर कर रहा है।

एक विस्तृत पोस्ट में गोल्डस्मिथ ने आरोप लगाया कि एक्स खुद ही उनकी पहुंच सीमित कर रहा है। एक्स के अपने अक टूल ग्रोक के निष्कर्षों का हवाला देते हुए, उन्होंने दावा किया कि उनके खाते को "गुप्त रूप से सीमित" किया जा रहा है, और खान की जेल की स्थिति और उनके बेटों की उनसे मुलाकात से संबंधित पोस्ट को एल्गोरिदम के माध्यम से छिपाया जा रहा है। उन्होंने लिखा कि आपने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का वादा किया था, लेकिन अब कोई उसे सुन नहीं रहा है और



मस्क से हस्तक्षेप करने और उनके अकाउंट की पहुंच बहाल करने का आग्रह किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को 2022 में पद से हटाए जाने के बाद कई मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से अगस्त 2023 से हिरासत में रखा गया है।

- **पाकिस्तानी टेलीविजन और रेडियो से लगभग पूरी तरह मिटा दिया गया है, जिससे एक्स ही एकमात्र स्वतंत्र मंच बचा है जो इस गंभीर अन्याय को उजागर कर रहा है।**

गोल्डस्मिथ ने कहा कि ग्रोक द्वारा उनके अकाउंट के विश्लेषण से पता चला कि 35 लाख से अधिक फॉलोअर्स होने के बावजूद उनकी लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है।

उनके द्वारा उद्धृत आंकड़ों के अनुसार, 2023 और 2024 की शुरूआत में उनके पोस्ट पर औसतन 400 से 900 करोड़ इंप्रेशन प्रति माह आते थे। इसके विपरीत, उन्होंने दावा किया कि 2025 में उनके कुल इंप्रेशन केवल 28.6 करोड़ रह गए - लगभग 97 प्रतिशत की गिरावट। उन्होंने मई 2025 को एक महत्वपूर्ण क्षण बताया और कहा कि जिस दिन पाकिस्तान द्वारा पर लगाया गया प्रतिबंध हटाया गया, उस दिन उनके एक पोस्ट पर कुछ समय के लिए चार करोड़ इंप्रेशन आए, लेकिन फिर अचानक लोकप्रियता लगभग शून्य हो गई।

गोल्डस्मिथ ने आरोप लगाया कि ग्रोक ने इस गिरावट का कारण पाकिस्तानी अधिकारियों के दबाव को बताया, जिन्होंने खान के करीबी परिवार की आलोचनाओं पर नजर रखने को प्राथमिकता दी थी।